
नई दिल्ली, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025 ■ आश्विन मास शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष : 29, अंक : 169 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 29, न्यून. 23 haribhoomi.com




# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




# दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों की दिवाली, 3% बढ़ा महंगाई भत्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते 'डीए' एवं महंगाई राहत 'डीआर' में तीन फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। एक जुलाई से देय महंगाई भत्ते की दर अब 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। गत वर्ष केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी, जबकि इस साल पहली जनवरी से केंद्रीय कर्मियों के डीए में दो फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी।

**केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी, 1 करोड़ 18 लाख कर्मचारियों व पेंशनधारकों को मिला तोहफा**



कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर का बकाया दिवाली से ठीक पहले अक्टूबर के वेतन के साथ दिया जाएगा। इसका मतलब है कि कर्मचारियों की सैलरी में तगड़ी बढ़ोतरी होगी। इससे कर्मचारी और पेंशनर्स त्योहारों पर जमकर खरीदारी करेंगे। यह बढ़ोतरी सातवें वेतन आयोग के तहत आने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 2025 का दूसरा बड़ा हाइक

*दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढ़ोतरी का बड़ा ऐलान किया जा चुका है। यह इस साल का दूसरा महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी है। बता दें सरकार की ओर से साल में दो बार महंगाई भत्ते में संशोधन किया जाता है। बता दें कि डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, होली और दीवाली पर की जाती है। हालांकि डीए/डीआर की दरों में वृद्धि हर साल एक जनवरी और एक जुलाई से किए जाने का प्रावधान है।*

### कितनी बढ़ेगी सैलरी?

*अगर किसी की बेसिक सैलरी 30,000 है तो कर्मचारी को प्रति माह 900 अतिरिक्त मिलेंगे, जबकि 40,000 वेतन वाले कर्मचारी को 1,200 अतिरिक्त मिलेंगे। तीन महीनों में, बकाया राशि कुल 2,700 से 3,600 होगी। यह त्योहारों के समय में एक बड़ी राहत होगी।*

### गेहूं उत्पादन का रिकॉर्ड लक्ष्य

*गौरतलब है कि गेहूं रबी की प्रमुख फसल है। जिसकी बुवाई अक्टूबर महीने से शुरू होती है और कटाई मार्च में शुरू होती है। गेहूं का विपणन वर्ष अप्रैल महीने से शुरू होता है और जून तक अधिकांश किसानों के अनाज खरीद लिए जाते हैं। इस साल फसल वर्ष 2025-26 सरकार ने 11.9 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का रिकॉर्ड लक्ष्य रखा है।*

### सीपीआई-आईडब्ल्यू आंकड़े पर निर्भर करता है डीए बढ़ोतरी

*औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति के रुझानों के आधार पर, महंगाई भत्ते और महंगाई राहत को वर्ष में दो बार, जनवरी और जुलाई में संशोधित किया जाता है। हालांकि ऐलान अक्सर देर से होती हैं, लेकिन बकाया राशि इस देरी की भरपाई कर देती है। यह संशोधन सातवें वेतन आयोग के तहत अंतिम होने की उम्मीद है। जनवरी 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू हो सकता है*

### गेहूं समेत 6 रबी की फसलों पर एमएसपी रेट बढ़ाया

*सरकार ने बुधवार को विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 6.59 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा कर दी है। पिछले वर्ष जो रेट 2,425 रुपए प्रति क्विंटल था। वह अब 2,585 रुपए प्रति क्विंटल बिकेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। सबसे अधिक कुसुम की कीमतों में 600 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा की गई है। इसके बाद मसूर के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। वहीं, मसूर के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल , रेपसीड और सरसों के लिए 250 रुपए प्रति क्विंटल, चना के लिए 225 रुपए प्रति क्विंटल, जौ के लिए 170 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं के लिए 160 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।*

## खबर संक्षेप

### यूपीआई लेनदेन 31% बढ़कर 19.63 अरब हुई



**नई दिल्ली।** इस साल सितंबर में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 31% बढ़कर 19.63 अरब हो गई है। साथ ही, इन लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 24.90 लाख करोड़ पहुंच गई है। यह जानकारी एनपीसीआई की ओर से दी गई। मासिक आधार पर लेनदेन की वैल्यू में बढ़त देखी गई है।

### अभिषेक शर्मा बने दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में नया इतिहास रच दिया है। अभिषेक ने इतने रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं, जो इससे पहले दुनिया के किसी भी बल्लेबाज ने नहीं की थी। एशिया कप 2025 के तुरंत बाद आईसीसी ने टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग जारी की है। उनकी रेटिंग 926 है।

### आरएसएस की शाखा प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत है, जहां 'मैं' से 'हम' की यात्रा आरंभ होती है

# स्वयंसेवक: राष्ट्र सेवा, समाज को सशक्त बनाने के लिए अथक रूप से समर्पित: मोदी

- प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के प्रति आरएसएस के योगदान को रेखांकित करते हुए विशेष रूप से डिजाइन किया गया स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया
- कहा, आरएसएस के एक शताब्दी के कार्य की नींव राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य, व्यक्तिगत विकास के एक स्पष्ट मार्ग और शाखा की गतिशील कार्यप्रणाली पर टिकी हुई है
- बोले, आज सामाजिक सद्भाव जनसांख्यिकीय हेरफेर और घुसपैठ से गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जिसका सीधा असर आंतरिक सुरक्षा और भविष्य की शांति पर पड़ रहा है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का साक्षी बनना वर्तमान पीढ़ी के स्वयंसेवकों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने राष्ट्रसेवा के संकल्प में समर्पित असंख्य स्वयंसेवकों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। इस कार्यक्रम में आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबोले, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सामाजिक सद्भाव जनसांख्यिकीय हेरफेर और घुसपैठ से गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जिसका सीधा असर आंतरिक सुरक्षा और भविष्य की शांति पर पड़ रहा है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इसी चिंता के चलते उन्होंने लाल किले से डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की। उन्होंने इस खतरे का सामना करने के लिए सतर्कता और दृढ़ कार्रवाई का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने संघ के संस्थापक और डॉ. हेडगेवार के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने घोषणा की कि संघ की गौरवशाली 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में भारत सरकार ने एक विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया है। 100 रुपये के इस सिक्के पर एक ओर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न तो दूसरी तरफ सिंह के साथ वरद मुद्रा में भारत माता की भव्य छवि अंकित है, जिन्हें स्वयंसेवकों द्वारा नमन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में संभवतः यह पहली बार है, जब भारत माता की छवि भारतीय मुद्रा पर दिखाई दी है। स्मारक डाक टिकट के महत्व और इसकी असीम ऐतिहासिक प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस परेड के महत्व को याद किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि 1963 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने देशभक्ति की धुनों पर ताल से ताल मिलाते हुए बड़े गर्व के साथ परेड में भाग लिया था।

उन्होंने कहा कि यह डाक टिकट उस ऐतिहासिक क्षण की स्मृति को समेटे हुए है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार महान नदियां अपने तटों पर मानव सभ्यताओं का पोषण करती हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी असंख्य लोगों को पोषित और समृद्ध किया है। एक नदी जो अपनी निकटस्थ भूमि, गांवों और क्षेत्रों को पल्लवित और पोषित करते हुए बहती है और संघ, जिसने भारतीय समाज के हर कार्यक्षेत्र और राष्ट्र के हर क्षेत्र को छुआ है, के बीच तुलना करते हुए, मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह निरंतर समर्पण और एक शक्तिशाली राष्ट्रीय धारा का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संघ की यात्रा इसी का प्रतिबिंब है, जहां इसके विभिन्न सहयोगी संगठन जीवन के सभी पहलुओं- शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, जनजातीय उत्थान, महिला सशक्तिकरण, कला और विज्ञान तथा श्रम सेक्टर में राष्ट्र सेवा में संलग्न हैं। मोदी ने रेखांकित किया कि संघ के अनेक धाराओं में विस्तार के बावजूद उनमें कभी विभाजन नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा, 'प्रत्येक धारा, विविध क्षेत्रों में कार्यरत प्रत्येक संगठन, एक ही उद्देश्य और भावना: राष्ट्र प्रथम को साझा करता है।' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में वैयक्तिक विकास की महान प्रक्रिया के निरंतर फलने-फूलने पर प्रकाश ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत और रूस के राष्ट्राध्यक्षों के बीच होगा वार्षिक शिखर सम्मेलन, ट्रंप को लगेगी मिर्ची

## टैरिफ संकट के बीच 5 से 6 दिसंबर को होगा राष्ट्रपति पुतिन का भारत दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



यूक्रेन युद्ध के मध्य रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती के बीच मौजूदा साल के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात की तारीख सामने आ चुकी है। दिसंबर के पहले सप्ताह में 5 से 6 तारीख के बीच दोनों शीर्ष नेताओं की नई दिल्ली में मुलाकात हो सकती है। मौका होगा भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का। जिसके लिए रूस के राष्ट्रपति भारत की यात्रा करेंगे। पुतिन की भारत यात्रा से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिर्ची लगेगी। क्योंकि वो पहले ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पश्चिम-एशिया में शांति बहाली के लिए दुनियाभर से समर्थन जुटाने की अमेरिकी कवायद का हिस्सा

## गाजा शांति योजना को लेकर पीएम के समर्थन वाली पोस्ट को ट्रंप ने किया रीपोस्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा हालिया घोषित 20 सूत्रीय गाजा शांति योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक्स पोस्ट के जरिए दिए गए समर्थन को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें उन्होंने भारत के पीएम की बीते मंगलवार को 'एक्स' पर की गई पोस्ट को रीपोस्ट किया है। अमेरिका इन दिनों इजरायल-हमास के बीच लगभग दो साल से जारी इस भीषण लड़ाई को खत्म कराने के लिए दुनियाभर के देशों से समर्थन जुटाने में लगा हुआ है। जानकार भारतीय पीएम की पोस्ट को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा रीपोस्ट करने के पीछे भी इसी तथ्य को ही वजह के रूप में देख ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राजधानी में बुधवार को रक्षा लेखा विभाग के 278 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

## ऑपरेशन सिंदूर में सेनाओं की जीत में 'डीएडी' की शांत भूमिका सराहनीय: राजनाथ सिंह



हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर का एक बार फिर से मजबूती के साथ जिक्र करते हुए कहा कि देश के इस महत्वपूर्ण सैन्य अभियान में सशस्त्र सेनाओं को निर्णायक और ऐतिहासिक जीत दिलाने में रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) की शांत लेकिन सराहनीय भूमिका है। जिसमें विभाग ने बलों की वित्तीय रीढ़ के समान उनकी मजबूती, संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और परिचालन तत्परता को बनाए रखा। यह केवल एक लेखा संगठन नहीं है। बल्कि एक ऐसा सशक्त साधक है। जो देश के आर्थिक चक्र की सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित करता है। साथ ही यह वह अदृश्य सेतु है जो वित्त और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत ने मार गिराए 100 प्लस आतंकी

*गौरतलब है कि इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने कुल 26 पर्यटकों की बेहद निर्ममता के हत्या कर दी थी। जिसके जवाब में भारत ने 7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों में छिपे हुए 100 से ज्यादा आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था। हमले से बौखलाए पाकिस्तान ने बड़ी तादाद में भारत की पश्चिमी सीमा पर ड्रोन, मिसाइलों से हमला करने की कोशिश की थी। लेकिन देश की सतर्क सेनाओं ने दुश्मन के हर वार* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### टैरिफ से भारत-अमेरिका संबंधों में आए तनाव के बीच दोनों शीर्ष नेताओं की आमने-सामने की मुद्रा में होगी पहली मुलाकात

## मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन से इतर होगी मोदी-ट्रंप की मुलाकात!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



टैरिफ की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में जारी तनाव के बीच इस महीने के अंतिम सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर में 47वें आसियान शिखर सम्मेलन से इतर पहली प्रत्यक्ष मुलाकात हो सकती है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी आसियान सम्मेलन में भाग लेने के लिए मलेशिया की यात्रा कर सकते हैं। जिसका आयोजन 26 से 27 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। इस वर्ष आसियान की मेजबानी मलेशिया कर रहा है। जहां भारत-अमेरिका के शीर्ष नेताओं के बीच होने वाली मुलाकात के दौरान एक द्विपक्षीय बैठक होने की भी बहुत संभावना है। प्रधानमंत्री की मलेशिया यात्रा को लेकर हालांकि अभी तक विदेश मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन जहां तक इस बैठक के एजेंडे का सवाल है तो दोनों नेताओं के बीच आपसी संबंधों, भारत-अमेरिका व्यापक सामरिक साझेदारी, साझा चिंताओं से जुड़े हुए क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आपदा प्रबंधन में भारत ने हासिल की बड़ी प्रगति

### कई देशों के अपने समकक्षों से द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे

## राज्यसभा उपसभापति हरिवंश ने जी-20 शिखर सम्मेलन में साझा किए अपने अनुभव, वैश्विक सहयोग का आह्वान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के क्लेनमंड में आयोजित 11वें जी-20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी-20) के प्रथम कार्यकारी सत्र को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन और अनुक्रिया क्षमता को मज़बूत बनाने में भारत की उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस सहयोग और समन्वित कार्रवाई की ज़रूरत पर बल दिया। 'आपदा प्रतिरोधक क्षमता और अनुक्रिया का सुदृढीकरण' विषय पर आयोजित ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ऊर्जा संक्रमण और खनिजों पर भी होगी चर्चा

*उपसभापति हरिवंश सम्मेलन के दौरान न्यायसंगत ऊर्जा संक्रामण हेतु वित्त जुटाने पर आयोजित सत्र में भी भाग लेंगे। इसके अलावा वे संपोषणीय विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के दोहन विषय पर होने वाले सत्र की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान वे जर्मनी, इटली सहित कई देशों के अपने समकक्षों से द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका पहली बार जी-20 शिखर सम्मेलन की मेज़बानी कर रहा है। इस वर्ष का विषय 'एकजुटता, समानता और संपोषणीयता' तय किया गया है, जिसमें वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए साझा विकास और सहयोग के नए मार्ग तलाशने पर जोर दिया जा रहा है।*

### आपदा प्रबंधन अधिनियम बना मज़बूत ढांचा

*हरिवंश ने कहा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 भारत की आपदा प्रतिक्रिया नीति का आधार स्तंभ है। इस कानून ने देश को आपदा न्यूनीकरण, अनुक्रिया और पुनर्वास के लिए एक संगठित संस्थागत ढांचा प्रदान किया। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत भारत ने राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल (एनडीआरएफ) का गठन किया, जो भूकंप, चक्रवात, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित और सक्षम है।*

### तकनीक और विज्ञान से बेहतर हुई पूर्व चेतावनी प्रणाली

*उपसभापति ने कहा कि भारत ने वैज्ञानिक प्रगति और आधुनिक तकनीक को अपनाकर आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को विश्वस्तरीय बनाया है। उन्होंने बताया, "भारत की चक्रवात चेतावनी प्रणाली आज अपनी सटीकता और व्यापकता के कारण वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त कर चुकी है। दामिनी, मौसम और मेघदूत जैसे कई मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किए गए हैं, जो जनता तक समय पर अलर्ट और पूर्व चेतावनी पहुंचाने में सहायक हैं।"*



## खबर संक्षेप

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक अपराधी घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के किशनगढ़ इलाके में बुधवार सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक वांछित अपराधी घायल हो गया। यह घटना सुबह करीब सवा छह बजे हुई जब पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर अरुणा आसफ अली रोड के पास दो लोगों को रोकने की कोशिश की थी। डीसीपी दक्षिण-पश्चिम जिला अमित गोयल ने कहा कि जब संदिग्धों को रोका गया, तो उन्होंने भागने के प्रयास में पुलिस पर गोलियां चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप संक्षिप्त गोलीबारी हुई। पुलिस के अनुसार, बवाना निवासी 26 वर्षीय अरमान के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। बवाना के ही रहने वाले अरमान के साथी बशीर (24) को मुठभेड़ स्थल पर पकड़ लिया गया और उसके पास से हथियार एवं कारतूस बरामद किये गये। एक पुलिसकर्मी अपनी बुलेटप्रुफ जैकेट के चलते अरमान द्वारा चलाई गई गोली से बाल बाल बच गया। अरमान एक आदतन अपराधी है तथा लूट, झपटमारी और हथियार कानून के 50 से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है। किशनगढ़ थाने में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इनके अन्य साथियों और हथियारों के स्त्रोत का पता लगाने के लिए आगे जांच की जा रही है।

### शाहबाद डेयरी में एटीएम काटकर लाखों रुपये चोरी

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी थाना इलाके में बुधवार सुबह लगभग 4.25 बजे मुख्य बवाना रोड स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम को काटकर लाखों रुपये नगदी चोरी कर ली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार जांच करने पर पता चला कि प्रह्लादपुर बांगर मुख्य बवाना रोड स्थित प्लॉट संख्या 351 पर स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम को तोड़ने के लिए गैस वेल्डिंग मशीन का इस्तेमाल किया गया था। इसके परिणामस्वरूप मशीन में आग लग गई। एसबीआई अधिकारियों के अनुसार एटीएम से 1,01400 रुपये चोरी हुये हैं। इस संबंध में बीएनएस की धारा 331(4)/305(3)/3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसबीआई बैंक के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।

### जीटीबी में एमबीबीएस छात्रा से छेड़छाड़

**नई दिल्ली।** जीटीबी अस्पताल में एमबीबीएस छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ के आरोप में अस्पताल के ही असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर मोहम्मद शाकिर नईम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस संबंधित सेक्शन के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार मामला 26 सितंबर को सामने आया था। जीटीबी एंक्लेव थाने में पीसीआर कॉल के माध्यम से दोहपर 12 बजकर नौ मिनट पर इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और डॉक्टर शाकिर को अरेस्ट कर लिया गया।

## इन कर्मवीरों का योगदान दिल्ली के इतिहास के सबसे नि:स्वार्थ और प्रेरणादायी अध्यायों में दर्ज किया जाएगा

# कोरोना काल में जान गंवाने वाले सरकारी कर्मियों के परिवारों को एक-एक करोड़ की सम्मान राशि देगी सरकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान ड्यूटी निभाते हुए जीवन गंवाने वाले अपने कर्मचारियों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा है कि सरकार जल्द ही 10 कर्मियों के परिजनों को यह अनुग्रह राशि प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार यह सतत प्रक्रिया है और इसके लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की समिति लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि कोरोना काल में सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए कर्मचारियों का योगदान दिल्ली के इतिहास के सबसे निस्वार्थ और प्रेरणादायी अध्यायों में दर्ज किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कोरोना काल के दौरान दिल्ली सरकार के डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ, सफाई कर्मियों, शिक्षकों और अन्य अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर, निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा की। जब पूरा विश्व महामारी के भय से ठहर गया था, तब ये कर्मचारी दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे, ताकि लोगों तक स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवश्यक सेवाएं आदि बिना रुके पहुंचती रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कर्मवीरों का योगदान दिल्ली के इतिहास के सबसे निःस्वार्थ और प्रेरणादायी अध्यायों में दर्ज किया जाएगा। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि वर्ष 2020-2021 में कोविड-19 ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की लंबित अनुग्रह राशि को स्वीकृत कर जारी कर दिया जाए। जल्द ही यह राशि उन सभी 10 कर्मचारियों की असाधारण सेवाओं की मान्यता के रूप में दी जाएगी, जिन्होंने महामारी के सबसे कठिन समय में समाज के लिए अपने जीवन की परवाह नहीं की।


मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मसले को लेकर हमारी सरकार काफी गंभीर थी, क्योंकि पिछली सरकार ने इसको लेकर बातें तो बहुत की, लेकिन जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह नहीं दिखाई। उसने तो प्रचार को ही फोकस किया। मुख्यमंत्री के अनुसार यह खेद का विषय यह भी है कि सम्मान और आभार का प्रतीक अनुग्रह राशि को को लगभग पांच वर्षों तक प्रक्रियागत अड़चनों और अन्य कारणों से रोका गया। लेकिन यह देरी कर्मचारियों की सेवाओं के मूल्य को कम नहीं कर सकती। हमारी सरकार पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त करती है। हमारी सरकार उन सभी कर्मचारियों को यह अनुग्रह राशि प्रदान करेगी, जिनका जीवन कोरोना महामारी की भेंट चढ़ गया। चूंकि यह मामला हमारे ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले कर्मचारियों का है, इसलिए हमने ग्रुप ऑफ मिनिस्टर का गठन किया है, जिसमें कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, डॉ. पंकज कुमार सिंह शामिल हैं। इस जीओएम के साथ रिलीफ ब्रांच के दो वरिष्ठ अधिकारी डिविजन कमिश्नर नीरज सेमवाल व डीएम अमोल श्रीवास्तव शामिल हैं। हमारी सरकार के लिए यह सतत प्रक्रिया है और समिति सभी ऐसे मामलों पर लगातार सुनवाई कर रही है। आगामी दिनों में अनुग्रह राशि पाने वाले कर्मियों की संख्या में इजाफा होने की संभावना है।

### सीएम का निर्देश : शहीद कर्मचारियों के परिजनों तक शीघ्र पहुंचे सहायता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह निर्णय लिया गया कि प्रक्रियाओं को सरल और मानवीय बनाया जाए, ताकि शहीद कर्मचारियों के परिजनों तक सहायता शीघ्र पहुंचे। यह कदम न केवल एक प्रशासनिक सुधार है, बल्कि एक संवेदनशील और करुणामय शासन के मॉडल का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अनुग्रह राशि केवल एक वित्तीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि कृतज्ञता, एकजुटता और न्याय का प्रतीक है। हमारी सरकार हमेशा अपने उन कर्मचारियों के साथ खड़ी रहेगी, जिन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। यह निर्णय उन सभी कर्मवीरों के प्रति एक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपने कर्तव्य को जीवन से भी अधिक महत्व दिया।

## टीचर पर जोमैटो के डिलीवरी ब्वॉय से गाली गलौज व पेमेंट न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




बाहरी उत्तरी जिले के नरेला में एक एमसीडी टीचर पर खाना डिलीवर करने वाली जोमैटो कंपनी के प्रतिनिधि ने गाली गलौच, धक्का-मुक्की, खाना छीनने और पेमेंट ना करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बुधवार को इस संबंध में जानकारी दी। पुलिस आरोपी टीचर के खिलाफ कार्रवाई की बात कह रही है। उधर टीचर ने भी पुलिसकर्मियों पर बदसलूखी व मारपीट के संगीन आरोप लगाये हैं।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि यह मामला 29 सितंबर का है। टीचर ने खाना ऑनलाइन ऑर्डर किया था। जब कंपनी प्रतिनिधि पहुंचा तो उन्होंने उसे गालियां दीं, खाना छीन लिया और पैसे देने से मना कर दिया। कंपनी प्रतिनिधि अर्जुन द्वारा कॉल किये जाने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। मौके पर नशे में धुत एक व्यक्ति को पाया, जिसकी पहचान बाद में पेशे से टीचर ऋषि कुमार के रूप में हुई। अधिकारी ने बताया कि ऋषि कुमार ने पुलिस की बात नहीं मानी जिसके बाद पुलिस को मेडिकल जांच करानी पड़ी और जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। स्वामी ने बताया कि अस्पताल में अपनी पहचान छिपाने के लिए ऋषि कुमार ने अपना नाम राम कुमार बताया। डिलीवरी ब्वॉय अर्जुन उस समय औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करा सका था क्योंकि उसे जल्दी जाना था। पुलिस का कहना है कि उस समय ऋषि कुमार को उचित परामर्श देकर घर भेज दिया गया, लेकिन मामले की जांच जारी है। वहीं ऋषि कुमार का कहना है कि वह शांति अपार्टमेंट में रहते हैं। उन्होंने जोमैटो से दो ऑर्डर किये थे। एक ऑर्डर उन्होंने कैसिंल कर दिया था, जबकि दूसरे का उन्होंने ऑनलाइन पेमेंट किया था। डिलीवरी ब्वॉय ऑर्डर देने पहुंचा तो कैसिंल किये गये ऑर्डर के पैसे भी मांगने लगा। उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया और उसे समझाने का प्रयास किया। उस समय वह चला गया। लेकिन कुछ देर बाद वह पुलिसकर्मियों के साथ उसके फ्लैट पर पहुंचा। पुलिसकर्मियों ने उनके साथ बदसलूकी की और उन्हें घसीटते हुये ले जाने लगे। पुलिसकर्मियों की बदसलूखी का वीडियो भी सामने आया है।

## लूटपाट करने वाला नौकर 12 साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कीर्ति नगर में मालकिन के आभूषण लूटने के मामले में 12 साल से फरार आरोपी नौकर को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम बिहार के जमुई जिला निवासी गौतम यादव (32) बताया गया है। इसे भगोड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका था। इसके साथ ही उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम रखा गया था। यादव को जयपुर से 30 सितंबर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार कीर्ति नगर थाने में आठ मार्च 2013 को इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उस समय यादव नौकरी करता था और उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर अपनी मालकिन के घर पर लूटपाट करने की साजिश रची थी। घटना के समय महिला घर पर अकेली थी। नौकर और उसके साथियों ने मालकिन के हाथ-पैर बांध दिए थे और उसका मुंह भी बंद कर दिया था। भागने से पहले सोने के दो कंगन, एक लॉकेट सहित सोने की जंजीर और एक अंगूठी लूटी गई थी। पुलिस ने उस समय जांच के दौरान आरोपी के दो साथियों को पकड़ लिया था जबकि यादव फरार था। फरार रहने के दौरान यादव इधर उधर जगह बदल-बदल कर घूमता रहा, छोटे-मोटे काम करता रहा और अपने गांव से दूर रहा। पूछताछ के दौरान यादव ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए वह तमिलनाडु, हरियाणा और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में अपना ठिकाना बदलता रहा। आखिर में राजस्थान आकर रुका। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान उसने छोटे-मोटे काम भी किए और ई-रिक्शा भी चलाया। अधिकारी ने बताया कि यादव अशिक्षित है और वह बचपन में ही स्थानीय अपराधियों के संपर्क में रहा था। आरोपी को उसी घर में डाका डालने के लिए उकसाया गया जहां वह काम करता था। घटना के समय उसकी उम्र 20 साल थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. सुमित कुमार** पुत्र **उमराव सिंह** पताः **1005, आई-ब्लॉक, ऋषभ क्लाउड-09, वसुन्धरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, 2. रामा पाण्डेय पत्नी राम किशन पता जीएच-3/50, पश्चिम विहार, दिल्ली 3. दीपक मिश्रा पुत्र राम किशन पता जीएच-3/50, पश्चिम विहार, दिल्ली** ने case **FIR No. 150/2022 U/s 420/467/468/471 IPC, थानाः के एन काटजू मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. सुमित कुमार 2. रामा पाण्डेय 3. दीपक मिश्रा** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. सुमित कुमार 2. रामा पाण्डेय 3. दीपक मिश्रा** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 150/2022 U/s 420/467/468/471 IPC, थानाः के एन काटजू मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. सुमित कुमार 2. रामा पाण्डेय 3. दीपक मिश्रा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 31.10.2025** को या उसरो पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमान्शु सेहलोथ
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
उत्तर जिला, रूम नं. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13018/RD/2025 (Court Matter)

## आईजीआई पर आईफोन चोरी के आरोप में ट्रक चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के कार्गो क्षेत्र से दुबई भेजे गये कंसाइनमेंट से आईफोन की चोरी करने वाले ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पालम गांव निवासी आरोपी सुनील कुमार (36) ने 148 आइफोन की खेप में से कथित तौर पर तीन आईफोन चुराये थे। आरोपी ने एक आईफोन किराये के पैसे ना होने पर टैक्सी चालक को भी बेच दिया था। पुलिस ने फोन बरामद कर लिया है।

डीसीपी विचित्र वीर ने कहा कि हवाई अड्डे पर संचालित एक परिवहन कंपनी में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत कुमार ने अपने सहयोगी विक्की उर्फ लाला के साथ मिलकर माल ले जाते समय आईफोन 15 का एक सीलबंद पैकेट चुरा लिया था। उसका साथी फिलहाल फरार है। मालवाहक कंपनी द्वारा दुबई भेजे गए 148 आईफोन की खेप में से तीन फोन चोरी होने की सूचना दिए जाने के बाद यह मामला प्रकाश में आया था। माल प्राप्तकर्ता ने गुम हुए आईफोन की पुष्टि की और इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। डीसीपी ने बताया कि चोरी हुआ एक आईफोन हरियाणा के सोनीपत में एक टैक्सी चालक के पास से बरामद किया गया। अधिकारी ने कहा कि चालक ने पुलिस को बताया कि रोहतक से दिल्ली तक की यात्रा करने के बाद किराया नहीं चुकाने पर दो यात्रियों ने उसे यह फोन दिया था और दोनों यात्री नशे में धुत थे। टैक्सी चालक ने पांच हजार रुपये के किराए के बदले फोन लिया और आरोपियों को बचे अतिरिक्त 15 हजार रुपये दिए। पालम गांव से एक और आइफोन मिला। निगरानी के आधार पर कुमार की पहचान कर ली गई और 26 सितंबर को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। पालम स्थित उसके ठिकाने से तीसरा आईफोन भी बरामद हो गया। पुलिस ने बताया कि कुमार पहले भी झपटमारी और चोरी के 10 से अधिक मामलों में शामिल रहा है।

## प्रो.विजय कुमार मल्होत्रा का पार्थिव शरीर पंचतत्व में हुआ विलीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ लोदी रोड़ शमशान घाट पर हुई अंतेष्टि, बड़ी तादाद में नेता और आम लोग रहे मौजूद

भारतीय जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक सदस्य एवं दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का अंतिम संस्कार बुधवार को लोधी रोड़ श्मशान घाट पर सम्पन्न हुआ। प्रो. मल्होत्रा का निधन मंगलवार 30 सितम्बर की सुबह इलाज के दौरान एम्स अस्पताल में हुआ था। बुधवार को दिल्ली सरकार एवं दिल्ली पुलिस द्वारा दिये गये पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार उनके पुत्र अजय मल्होत्रा ने मुखाग्नि देकर सम्पन्न किया और इसी के साथ उनका शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया।

अंतिम संस्कार से पूर्व बुधवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कार्यकर्ताओं के दर्शन हेतु प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का पार्थिव शरीर दिल्ली भाजपा के 14 पंत मार्ग स्थित कार्यालय के सभाकक्ष में रखा गया। दिल्ली के अलग अलग कोनों से बड़ी संख्या में आये हजारों कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रबुद्ध नागरिकों एवं खेल संस्थाओं के पदाधिकारियों ने आल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल के भी दो बार अध्यक्ष रहे प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को अंतिम श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्मशान घाट पर अंतेष्टि के समय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली के सांसद और दिल्ली सरकार के मंत्री, भाजपा विधायक और संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद मिश्रा पुत्र** राजकुमार मिश्रा **निवासीः** म.नं. 28/12, गली नं. 5, संगम विहार, वज़ीराबाद, दिल्ली ने **FIR No. 676/2020 U/s 283 IPC थानाः वज़ीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विनोद मिश्रा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विनोद मिश्रा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 676/2020 U/s 283 IPC थानाः वज़ीराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विनोद मिश्रा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
भारती बेनीवाल
जेएमएफसी-12, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13150/N/2025
(Court Matter)

## बुराड़ी में बीजेपी सरकार की उदासीनता ने आम जनजीवन को बनाया नर्कः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उत्तर-पूर्वी लोकसभा के बुराड़ी में बीजेपी की दिल्ली सरकार की उदासीनता ने आम जनजीवन को नर्क बना दिया है। टूटी-फूटी 100 फुट चौड़ी मुख्य सड़क, 20 मिनट की बारिश पर जलभराव, दिल्ली जल बोर्ड का बदबूदार गंदा पानी और अनधिकृत कॉलोनियों में डेंगू-मलेरिया-चिकनगुनिया का बढ़ता प्रकोप ये मुद्दे अब असहनीय हो चुके हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बुधवार को इन समस्याओं पर कड़ा प्रहार करते हुए बीजेपी सरकार को 'जन-विरोधी' करार दिया और सरकार से इन समस्याओं में तत्काल सुधार की मांग की। इस तरह अनेकों समस्याओं पर सरकार और आला अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से अवगत करा चुके बुराड़ी विधानसभा निवासी और करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बुराड़ी की 100 फुट मुख्य सड़क कई वर्षों से टूटी पड़ी है। गड्ढों से भरी यह सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और दुकानदार रोज खतरे में जी रहे हैं। एमसीडी और पीडब्ल्यूडी की मिलीभगत से करोड़ों का बजट बर्बाद हो गया, लेकिन सड़क का नामोनिशान नहीं। आदेश ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने दिल्लीवालों को झूठे वादों पर धोखा दिया है। जरा सी बारिश आते ही बुराड़ी की गलियां नालों में बदल जाती हैं। हल्की बूंदाबांदी पर जलभराव से सड़कें तालाब बन जाती हैं, जिससे वाहन फंसते हैं और ट्रैफिक जाम आम हो गया है।आदेश ने कहा कल बीस मिनट की बारिश में ही सैंकड़ों दुकानों और घरों में पानी घुस गया, जिसे से लोगोंका लाखों रुपए का सामान का नुकसान हो गया। ड्रेनेज सिस्टम की अनदेखी ने बुराड़ी को 'जलप्रलय क्षेत्र' बना दिया है। सबसे घातक है दिल्ली जल बोर्ड का प्रदूषित पानी। पीने योग्य होने का दावा करने वाले पाइपलाइनों से बदबूदार, गंदा पानी बह रहा है, जो किडनी और पेट संबंधी बीमारियां फैला रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में तो हालात और भी बदतर हैं। वहां लोगो को डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मरीज और चिकनगुनिया के प्रकोप का डर सता रहा है। और सरकार चुप्पी साधे बैठी है। चुनावों से पहले जुमलो की बरसात करने वाली सरकार न जाने कब लोगो को उनकी समस्याओं से राहत देगी।

## महापौर ने गांधी जयंती मेले में लगे स्टालों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को निगम मुख्यालय डॉ एसपीएम सिविक सेंटर में गांधी जयंती मेला का आयोजन किया। गांधी जयंती मेला का उद्घाटन दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने किया। इस अवसर पर महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने गांधी की प्रतिमा पर माला चढ़ाई एवं चरखा चलाया। साथ ही उन्होंने मेले के आयोजन के लिए सामुदायिक सेवा विभाग एवं निगम के अधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि यह मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि गांधी के सत्य, अहिंसा और सेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प है।

उन्होंने गांधी जयंती मेले में लगे स्टालों का निरीक्षण किया, जहां उन्हें उत्पादों व सेवाओं के विषय में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया है जिसका स्मरण हम सभी को करना चाहिए। निगम महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित यह परंपरा हर वर्ष हमें प्रेरित करती है कि हम राष्ट्रपिता के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज व राष्ट्र की सेवा करें। उन्होंने कहा कि गांधी का जन्मदिवस संपूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नर सिंह यादव** पुत्र नंद लाल, निवासी गली नंबर 5, संगम विहार, वजीराबाद, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 412/2021 धारा 188 भा.दं.सं. थाना वजीराबाद, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नर सिंह यादव** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नर सिंह यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.PC. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 412/2021 धारा 188 भा.दं.सं. थाना वजीराबाद, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नर सिंह यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.11.2025** को हाजिर हो। **आदेशानुसारः सुश्री भारती बेनीवाल, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-12 (केन्द्रीय), कमरा नं. 264, द्वितीय तल, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली।**

DP/13156/N/2025

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | वार्ड नं. 16, एम.सी. सोनीपत में खानपुर गांव पार्क में बागवानी मदों और लघु संसद की स्थापना तथा फुटपाथ के निर्माण हेतु आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 13.10.2025 | रु. 5,64,90,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/39196/I/88/7 दि. 01.10.25

## जांच के लिए भेजे नौ सैंपल, मिलावट पाई जाने पर होगी सख्त कार्रवाई : डॉ. पंकज

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने खोया मंडी में की छापेमारी, वाहनों से लिए 11 सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर दिल्ली के खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने दिवाली और छठ पूजा के त्योहार से पहले दिल्ली के मोरी गेट स्थित खोया मंडी में छापेमारी कर वाहनों से 11 सैंपल्स एकत्र किए, जिनमें से 9 सैंपल्स खोया के एकत्र किए गए। छापेमारी में एकत्र किए गए नमूनों को लॉरेंस रोड स्थित प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है।






स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि एकत्र किए गए सभी नमूनों की टेस्ट रिपोर्ट 14 दिनों के भीतर सामने आ जाएगी। अगर जांच के लिए भेजे गए सैंपल्स में कई भी मिलावट पाई जाती है, तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमने राजधानी दिल्ली में खाद्य सुरक्षा विभाग को त्योहारों के दौरान शुद्धता और सुरक्षित मानक वाले खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रवर्तन इकाइयों को कार्रवाई तेज करने का आदेश दिया है। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवारको दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की कार्रवाई की है। दिल्ली में उन वाहनों को रोककर जांच के लिए नमूने लिए गए जो खोया (मावा) लेकर दिल्ली की मंडी में आते हैं, क्योंकि खोया की त्योहारों के दौरान सबसे ज्यादा मांग होती है। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने आज कई वाहनों से खोये के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा है। आगे भी त्योहारों के दौरान ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। मैं दिल्ली की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। खाद्य पदार्थों की शुद्धता और लोगों की सुरक्षा के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा।

### थोक मंडियों, डिपो, उत्पादन इकाइयों में तैनात हैं अधिकारी

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली की जनता का स्वास्थ्य और सुरक्षा का ख्याल रखना दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेषकर त्योहारों के दौरान जब खोया-पनीर और मिठाई में मिलावट का खतरा सबसे अधिक होता है। कोई भी मिलावटी खाद्य सामान दिल्ली में बेच नहीं सके। इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी निरंतर राजधानी की थोक मंडियों, डिपो, उत्पादन इकाइयों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर निगरानी हेतु तैनात हैं।

## सीएम ने महानवमी पर नन्हीं देवियों का लिया आशीर्वाद

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय, हैदरपुर, शालीमार बाग में पारंपरिक



रूप से कन्या पूजन कर नन्हीं देवियों का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री खुद जमीन पर बैठकर बालिकाओं के चरणों में नमन किया, उनके जूते उतारे और तिलक लगाकर मौली (धागा) बांधी। लाल चुनरी से सुसज्जित इन नन्हीं देवियों के मासूम चेहरे देखकर मुख्यमंत्री की आंखों में अपनत्व की भावनाएं छलकती दिखीं। उन्होंने प्रत्येक बच्ची से आत्मीयता से संवाद किया, उनके माथे पर स्नेह भरा स्पर्श किया और कहा कि इन नन्हीं देवियों में ही मां का स्वरूप है, इनकी मुस्कान में ही भविष्य की रौशनी है। इस पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्ति, आत्मीयता और अपनत्व से परिपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री ने सादगी, विनम्रता और मातृ-वत व्यवहार से कन्याओं का पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री का कहना था कि नवरात्र पर कन्याओं का पूजन उस भावना का प्रतीक है, जिसमें शक्ति का वंदन और करुणा का आलिंगन साथ-साथ चलता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार इन कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हर बालिका हमारे समाज की आशा, हमारी प्रेरणा और हमारी शक्ति है। आज के इस पूजन में उन्होंने न केवल इन नन्हीं देवियों की आराधना की, बल्कि मातृत्व और स्नेह की उस भावना को साकार किया, जो हर नारी के भीतर विद्यमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि केवल आस्था और श्रद्धा का पर्व नहीं है, बल्कि यह नारी शक्ति के सम्मान और समाज में बेटियों की भूमिका को समझने का एक गहन संदेश भी देता है।

## स्कूटी सवार युवक को पड़ोसी की एयरगन से लगे छर्रे

**नई दिल्ली।** सागरपुर थाना एरिया में एक स्कूटी सवार को संदिग्ध हालात में पड़ोसी की एयरगन से गोली के छर्रे लग गये। पीड़ित शख्स अपने बेटे के साथ मौजू था। घायल को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी पड़ोसी को अरेस्ट कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार सागरपुर थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि एक व्यक्ति गोली के छर्रे लगने से घायल हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में पता चला कि मुकेश कुमार (37) निवासी वशिष्ट पार्क, सागरपुर को पीठ के निचले हिस्से में जख्म के साथ शकुंतला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पूछताछ के दौरान घायल मुकेश कुमार ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ स्कूटी पर अपने घर की पिछली गली में था। अचानक उसे ऐसा लगा जैसे उसकी पीठ पर कोई गोली लगी हो। जब वह पीछे मुड़ा तो उसने देखा कि उसका पड़ोसी अनंग पाल अपनी बालकनी में हाथ में एयरगन लिए खड़ा था। इसके बाद पुलिस ने अनंगपाल को एयरगन के साथ गिरफ्तार कर लिया। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मामले में अवैध हथियार के इस्तेमाल से इंकार किया है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** रोहिणी के सेक्टर-21 पॉकेट-9 स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्य का शुभारंभ सीनियर चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशुतोष ने स्वयं रक्तदान करके किया। इस अवसर पर दिल्ली फेडरेशन ऑफ नर्सिंग ऑफिसर के अध्यक्ष जगदीश, सचिव सहीराम, संतोष तथा डिस्पेंसरी के कर्मचारी लाल सिंह और मोनू सहित आसपास की विभिन्न सोसायटियों के निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सच्ची सेवा का परिचय दिया। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर अरुण कुमार सहित सभी कार्यरत साथियों का सहयोग सराहनीय रहा। शिविर के अंत में डॉ. आशुतोष ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

## दिल्ली नगर निगम कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत एमटीएस /सीएफडब्ल्यु कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रही। 29 सितंबर से शुरू हुई यह हड़ताल 2 अक्टूबर को भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगी।




एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के महासचिव देवानंद शर्मा ने बुधवार को धरना स्थल से बताया कि निगम प्रशासन कर्मियों की करीब 30 सालों पुरानी जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रहा है। निगम नेताओं और अधिकारियों ने मांगों को लेकर अनेकों बैठकें की और हर बार बैठकों में सिर्फ आश्वासन ही मिलते रहें। अब कर्मचारी बहुत नाराज हैं और आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। यूनियन का साफ कहना है कि जब तक प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को लेकर उचित लिखित आदेश जारी नहीं होंगे, तब तक कार्य पर वापसी नहीं होगी। यूनियन का कहना है कि दिल्ली में मलेरिया और डेंगू की रोकथाम की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर है, लेकिन वर्षों से उनकी सेवा शर्तें और वेतन संबंधी मुद्दे लटकाए जा रहे हैं। अब वे चुप नहीं बैठेंगे। दहड़ताल को विपक्षी दलों का भी समर्थन मिल रहा है। निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश, आम आदमी पार्टी के सिटी एसपी जोन चेयरमैन विकास टोंक और करोल बाग जोन चेयरमैन पुनीत राय बुधवार को कर्मियों के साथ धरने पर बैठे।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666; Parkash Honda (Bhangel) - 01204796600; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Hindon Honda (Govind Puram) - 9910110017; Hindon Honda (Gadana) - 9927196125; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

**खबर संक्षेप**

### कस्टमर केयर पर शिकायत करने पर 1.36 लाख गवाएं



**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में कस्टमर केयर पर शिकायत करने पर कंपनी कर्मी ने एक लाख 36 हजार 640 रुपए गवां दिए। पीड़ित ने फेसबुक पर रील देखी थी, जिसके 101 रुपए कटने पर उसने गूगल पर नंबर सर्च करके कॉल की थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। बिहार के बेगूसराय निवासी रंजेश कुमार सिंह ने कहा कि गुरुग्राम के मानेसर स्थित गांव में किराए पर रहता है।

### पुलिस मुठभेड़ में शातिर चेन लुटेरा घायल, गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस व महिला मिशन शक्ति टीम ने मंगलवार की रात में संयुक्त रूप से मुठभेड़ के दौरान एक शातिर चेन लुटेरे को गिरफ्तार किया है। लुटेरा पुलिस को गोली लगने से घायल हो गया। थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस व महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा ठोकर नंबर 7 के सामने संयुक्त रूप से चेकिंग की जा रही थी। दो बदमाशों मोबाइल फोन लूट की घटना के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

### केवाईसी के नाम पर युवक से 1.88 लाख ठगे




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की केवाईसी के नाम पर युवक से 1,88,294 रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के भदौही निवासी विपिन कुमार तिवारी ने बताया कि वह गुरुग्राम के ओम नगर में रहता है। वह गुरुग्राम की एक कंपनी में काम करता है। बीती 9 सितंबर को उसके मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई थी। कॉलर ने उसे क्रेडिट कार्ड की केवाईसी कराने के लिए कहा।

# मुरादनगर आरएसएस के लिए पावर एक्सचेंज से बिजली लेगा एनसीआरटीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

देश के प्रथम नमो भारत की परिचालन दक्षता बढ़ाने और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनसीआरटीसी ने गाज़ियाबाद के बाद मुरादनगर आरएसएस के लिए भी पावर एक्सचेंज (पीटीसी इंडिया लिमिटेड) के माध्यम से बिजली क्रय आरंभ कर दिया है। यह ट्रेन परिचालन और स्टेशन के बुनियादी ढाँचे को ऊर्जा प्रदान करने के लिए विश्वसनीय और किफायती बिजली सुनिश्चित करने की दिशा में एक सुदृढ़ कदम है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि नमो भारत के लिए रिसीविंग सब-स्टेशन (आरएसएस) ड्राल पाइंट या बिजली निकासी केंद्र का कार्य करते हैं। यानी ये एक ऐसे इंटरफेस के रूप में कार्य करते हैं जिसके माध्यम से ग्रिड से बिजली ली जाती है ताकि निर्बाध ट्रेन संचालन और यात्री सुविधाएँ सुनिश्चित की जा सकें। गाज़ियाबाद और मुरादनगर आरएसएस दोनों के लिए अब एक्सचेंज के माध्यम से बिजली प्राप्त की जा रही है। इस पहल द्वारा एनसीआरटीसी पूरे दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति के साथ लागत-अनुकूलन के अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर रहा है। नमो भारत सेवाओं के संचालन के लिए,

**होगी करोड़ों की बचत**



एनसीआरटीसी को सालाना लगभग 326 मिलियन यूनिट ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जिसमें प्रति वर्ष लगभग 250 करोड़ खर्च होते हैं। ऊर्जा में होने वाला यह खर्च एनसीआरटीसी के कुल परिचालन खर्च का लगभग 30-35 प्रतिशत है, जिससे ऊर्जा अनुकूलन महत्वपूर्ण हो जाता है। पावर एक्सचेंज द्वारा बिजली खरीदने से एनसीआरटीसी को लागत कम करने में मदद मिलेगी। अनुमामित है कि केवल गाज़ियाबाद आरएसएस से प्रति वर्ष 3 करोड़ से अधिक की बचत संभव हो सकेगी। इस नेटवर्क में मुरादनगर आरएसएस के बाद अब इससे भी समान राशि की बचत अनुमानित है। इस व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के लिए, एनसीआरटीसी ने पावर एक्सचेंजों के माध्यम से बिजली खरीदने के लिए पीटीसी इंडिया लिमिटेड (पूर्व में पावर ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) के साथ साझेदारी की है। एनसीआरटीसी का लक्ष्य है कि एक्सचेंज के माध्यम से प्राप्त कुल बिजली का लगभग 15प्रतिशत हर साल हरित ऊर्जा से प्राप्त किया जाए, जिसमें ग्रीन डे अहेड मार्केट (जीडीएएम) के तहत एक्सचेंज के माध्यम से प्राप्त बिजली भी शामिल है। यह एनसीआरटीसी की कार्बन उत्सर्जन को कम करने और आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल क्षेत्रीय गतिशीलता के इसके दृष्टिकोण के तहत अधिक से अधिक स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की व्यापक प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## राज्यसभा सदस्य ने भारत की वैश्विक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला

# युवा पीढ़ी से किया आह्वान, नीति निर्माण और नेतृत्व पहलों में सक्रिय भागीदारी करें: डॉ. त्रिवेदी

- मानव रचना विश्वविद्यालय के यूथ पार्लियामेंट में डॉ. त्रिवेदी ने भारत के कानूनों के न्यायोन्मुख सुधार की दिशा में युवाओं को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राज्यसभा सदस्य और बीजेपी राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी मानव रचना विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा आयोजित विद्हिवाद यूथ पार्लियामेंट में मुख्य अतिथि रहे। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे सूचित संवाद, नीति निर्माण और नेतृत्व पहलों में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने उन्हें भारत के लोकतांत्रिक भविष्य के संरक्षक बताया।

यूथ पार्लियामेंट में लोक सभा जैसी समितियां शामिल थीं, जहां उन्होंने वक़्फ़ (संशोधन) बिल, 2025 पर विचार-विमर्श किया और ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टी मीट, जिसने अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ के जवाब में भारत की नीति पर चर्चा की। इन चर्चाओं के माध्यम से छात्रों को शासन के व्यावहारिक पहलुओं, जैसे रणनीतिक वार्ता, नीति निर्माण और वास्तविक विधायी चुनौतियों का अनुभव हुआ। प्रतिभागियों ने संसद सदस्य की भूमिकाएं निभाते हुए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया, सुझाव तैयार किए और अपने




वक्तत्व, नीति सोच और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। अपने मुख्य भाषण में डॉ. त्रिवेदी ने रेखांकित किया कि सुप्रीम कोर्ट ने एस.आर. बोम्मई केस जैसे मामलों के माध्यम से लोकतांत्रिक वैधता के सिद्धांतों को स्पष्ट किया है। इन निर्णयों में यह स्पष्ट किया गया है कि सरकार का अधिकार संसद के मंच पर निर्धारित होना चाहिए, बाहरी माध्यमों से नहीं। उन्होंने कहा कि नेतृत्व के कार्य भले ही भिन्न हों, लेकिन सरकार की स्थिरता यह साबित करने पर निर्भर करती है कि उसके पास संसद में बहुमत हैए क्योंकि विधायी ढांचे के बाहर लिए गए निर्णय लोकतांत्रिक अखंडता को कमजोर कर सकते हैं। उन्होंने भारतीय दंड संहिता की औपनिवेशिक विरासत की ओर इशारा किया, जो नियंत्रण और दंड को प्राथमिकता देती थी। आधुनिक भारत को सजा से आगे बढ़कर न्याय को मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में अपनाना होगा, उन्होंने कहा और संसद की भूमिका को लोकतांत्रिक प्रणाली के विकास और विरासत में मिली औपनिवेशिक संरचनाओं के संतुलन में महत्वपूर्ण बताया। न्यायिक विकास पर बोलते हुए डॉ. त्रिवेदी ने भूमि और होटल विवादों का उदाहरण दियाए जहां दशकों तक स्थिर निर्णय भारत के कानूनी विकास की क्रमिक प्रगति को दर्शाते हैं। भारत में कानून स्थिर नहीं है, यह समय के साथ अनुकूलित और प्रगतिशील होता है, उन्होंने कहा कि वैश्विक संदर्भ में भारत की स्थिति बताते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों और चीन को जनसांख्यिकीय चुनौतियों का सामना है, जबकि भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सबसे युवा प्रमुख राष्ट्र होने का अनोखा लाभ प्राप्त है। जनसांख्यिकीय लाभ हमारी ताकत है, लेकिन हमारी जिम्मेदारी भी। हमें अपने अतीत से प्रेरणा लेकर और सतत भविष्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करके आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना होगा। डॉ. त्रिवेदी ने भारत की वैश्विक उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला कहा कि दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होना, डिजिटल लेनदेन में यूपीआई के माध्यम से नेतृत्व जो अब दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहला देश बनने की ऐतिहासिक सफलता।

### अध्यक्ष सिंगला ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया

## इनरव्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन ने धूमधाम से मनाया नवरात्रि उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-12 में सेंटर व्यू में इनरव्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन ने हाल ही में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें नवरात्रि के उल्लास को इनरव्हील की सेवा भावना के साथ जोड़ा गया। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

क्लब अध्यक्ष मनीता सिंगला ने अपनी समर्पित टीम के साथ दोनों अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें इनरव्हील का लोगों माला, पिन और लोगो अंकित बोतल कवर भेंट कर सम्मानित किया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन दीपिका बाली ने इनरव्हील के उद्देश्यों और सेवाभाव के बारे में विस्तार से बताया।

फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने इनर व्हील के कामों की तारीफ की उन्होंने कहा की महिलाएं आप किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है और हर क्षेत्र में अपना जौहर दिखा रही हैं। कार्यक्रम में उत्साह और रंग भरने के लिए सदस्यों ने मिलकर डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया और नवरात्रि उत्सव को और भी आनंदमय बनाया। उपाध्यक्ष संजना गर्ग, सचिव नितिका मित्तल, आईएसओ सुनीता गुप्ता, संपादक निधि गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नैन्सी बब्बर, संदीपिका वशिष्ठ तथा सदस्य मंजू गोयल, मंजू सर्राफ, अंजु गुप्ता, वनिता सिंगला, अनीता मित्तल, राज गुप्ता, मनीषा भल्ला, रेखा गुप्ता, सरोज जैन और नीरू गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शाम का सबसे गौरवपूर्ण क्षण रहा क्लब की विशेष पुस्तिका इनरव्हील रसोई का लोकार्पण, जिसे क्लब अध्यक्ष मनीता सिंगला और संपादक निधि गुप्ता ने तैयार किया था। दोनों विशिष्ट अतिथियों द्वारा इस पुस्तिका का विमोचन किया गया जिसे सभी ने सराहा और खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन उल्लास और औपचारिक गरिमा के बीच हुआ।

## मार्केट कमेटी अध्यक्ष बने राजेश सोलंकी, समर्थकों ने मंत्री राजेश नागर का जताया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव मार्केट कमेटी अध्यक्ष बने राजेश सोलंकी के समर्थकों एवं क्षेत्र की तमाम सरदारी, खासकर क्षत्रिय समाज के लोगों ने मंत्री राजेश नागर से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री को गुलदस्ता भेंट किया और मिठाई खिलाकर धन्यवाद किया। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि वास्तव में यह भाजपा सरकार की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति का ही परिणाम है, जिसमें सर्व समाज को नेतृत्व का अवसर प्राप्त हो रहा है। हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सबका साथ-सबका विकास के आदर्श वाक्य को पूरा करने में लगे हुए हैं। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मार्केट कमेटियों में बेहतर लोगों को अवसर प्रदान किए गए हैं जिसके लाभ लोगों को जल्द मिलेंगे।

**बोले, भाजपा सरकार कर रही सबका साथ सबका विकास**

उन्होंने राजेश सोलंकी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और अपना सहयोग देने की भी बात कही। इस अवसर पर तिगांव मार्केट कमेटी अध्यक्ष राजेश सोलंकी ने कहा कि वह मंत्री राजेश नागर के कुशल नेतृत्व में अपना हर संभव प्रयास कर लोगों तक सुशासन पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर राजेश रावत पूर्व अध्यक्ष क्षत्रिय सभा बल्लबगढ़, प्रताप सिंह अध्यक्ष क्षत्रिय सभा बल्लभगढ़, मनवीर सिंह भाटी, नेपाल सिंह भाटी, भाजपा महामंत्री मंडल तिगांव, सूरज पाल भूरा सरपंच चांदपुर, नेत्रपाल चेयरमेन छांयसा, बृजभान पूर्व सरपंच फज्जुपुर, कमल सरपंच फज्जुपुर, तारा सरपंच शाहपुरा, सुभाष पूर्व सरपंच अरूआ आदि।

**तीन आरोपी गिरफ्तार**

## बीच शहर में छापा मारकर पुलिस ने बरामद किया पटाखों का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच गाजियाबाद व थाना कोतवाली सिटी पुलिस ने संयुक्त रूप से छापा मारकर अवैध विस्फोटक सामग्री पटाखों का जखीरा बरामद किया है।

साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 94 गत्ते के कार्टुन / प्लास्टिक के बोरो मे भिन्न-भिन्न प्रकार के 20 कुन्तल, 84 किलो 800 ग्राम अवैध विस्फोटक सामग्री पटाखे बरामद किया है। डीसीपी (नगर) धवल जायसवाल ने बताया कि में मुखबिर की सूचना पर स्वॉट टीम क्राइम ब्रान्च ने कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली सिटी क्षेत्रान्तर्गत चौपला मंदिर के पास पक्की मोरी डासना गेट में एक दुकान व गोदाम मे बिक्री हेतु



भंडारण किए गए अवैध विस्फोटक सामग्री पटाखों की बिक्री व भंडारण करने वाले दुकान / गोदाम मालिक सहित 03 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से भिन्न-भिन्न प्रकार के 20 क्विंटल, 84 किलो 800 ग्राम अवैध विस्फोटक सामग्री पटाखे बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी कार्तिक कंसल ने बताया कि दुकान व गोदाम उसके पिता प्रदीप कंसल की है जिसमें मेरे पिता बीडी, सिगरेट व तम्बाकू की थोक मे बिक्री करते है। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में पटाखों की बिक्री पर रोक है इसलिए पटाखों को चोरी-छिपे बेचने से काफी मुनाफा होता है। इसी लालच मे आगामी दीपावली के त्यौहार के उपलक्ष्य में मेरे पिता द्वारा तमिलनाडु से अवैध पटाखे मंगाकर बिक्री के लिए यहाँ पर भंडारण किया हुआ था। बरामद उक्त अवैध पटाखों की बिक्री गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्त कार्तिक कंसल, वाहिद व सुनील तथा मौके से फरार प्रदीप कंसल व नमन कंसल द्वारा की जा रही थी। मौके से प्रदीप कंसल व उसके साथी फरार है जिनकी तलाश जारी है।

## अवैध निर्माण पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, अनाधिकृत कमर्शियल भवन किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम ने बुधवार को अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए बादशाहपुर स्थित तपस्या ग्रांड वॉक मॉल के सामने स्थित एक बड़े कमर्शियल भवन को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व डीटीपी आरएस बाट ने किया। जानकारी के अनुसार, यह भवन लगभग 1000 वर्ग गज में बिना किसी अनुमति के बनाया गया



था और इसमें विनायक फर्नीचर शोरूम संचालित हो रहा था। नगर निगम ने पहले ही भवन मालिक को शो कॉज नोटिस और डिमोलिशन ऑर्डर जारी किया था, लेकिन भवन मालिक की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। 29 सितंबर को निगम ने फिर से भवन को खाली करने का नोटिस जारी किया। नोटिस में कहा गया कि पूर्व में हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 261(1) के तहत दिनांक 2 जनवरी 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उसके बावजूद अवैध निर्माण कार्य जारी रहा। इसके बाद डिमोलिशन ऑर्डर भी जारी किया गया।

**संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी दी**

## दो महीने से नहीं मिला वेतन, संविदा कार्मिक भूखमरी के कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) उत्तर प्रदेश के लगभग 98 हजार एवं जनपद के लगभग 1200 संविदा कार्मिकों का वेतन पिछले दो माह से नहीं मिला है। जिस कारण कर्मियों के परिजन भूखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। कर्मचारी संघ ने सरकार से तत्काल वेतन जारी करने की मांग की है।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की अध्यक्ष सपना शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 17 सितम्बर 2025 से स्वास्थ्य नारी – सशक्त परिवार अभियान प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रारंभ कर 02 अक्टूबर 2025, महात्मा गांधी जी जयंती तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य प्रदेश की हर महिलो सुविधाएं पहुँचाना है, किंतु यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि समस्त महिलाओं की देखभाल करने वाले लगभग 3.5 लाख एनएचएम महिला कार्मिक और आशा बहनें स्वयं वेतन न मिलने से परेशान हैं। भारत सरकार ने महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए अनेक दिशा-निर्देश जारी किए हैं, परंतु प्रदेश स्तर पर अधिकारियों की लापरवाही व मनमानी के कारण वेतन भुगतान अटका हुआ है। यह स्थिति न केवल कार्मिकों के जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि आमजन को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर भी नकारात्मक असर डाल रही है।

### *कर्मचारी हित में लिए गए निर्णयों को प्रदेश में लागू करने की मांग*

*संघ ने जनपद के समस्त कार्मिकों का लंबित वेतन तत्काल भुगतान करने,अधिकारियों की लापरवाही पर जवाबदेही तय करने, अभियान के सफल संचालन से पहले कार्मिकों को सशक्त बनाने,भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कर्मचारी हित में लिए गए निर्णयों को प्रदेश में तत्काल लागू करने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि वेतन शीघ्र अति शीघ्र भुगतान नहीं किया गया और कर्मचारी हित के अनुमोदित निर्णयों को लागू नहीं किया गया तो संघ आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा।*


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भाकलाना, जिला हिसार में 315 केवीए ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत + 2 कार्य। | 30.09.2025 08.10.2025 | 37.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में गांव समसपुर में स्टेडियम का निर्माण (500 केवीए सब स्टेशन का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 30.09.2025 16.10.2025 | 237.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में गांव साहिला में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX स्कीम के तहत)। | 30.09.2025 07.10.2025 | 25.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | अम्बाला कैंट, जिला अम्बाला में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, 1857 के शहीदों के सम्मान में वॉर मैमोरियल में लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास। | 06.10.2025 13.10.2025 | 7.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में रतिया में ज्यूडिशियल कोर्ट्स कॉम्पलैक्स के परिसर में फायर अलार्म एवं पब्लिक अलार्म और सार्वजनिक सम्बोधन प्रणाली का प्रावधान + 1 कार्य। | 29.09.2025 06.10.2025 | 34.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में ऐलनाबाद में लोनिवि विश्राम गृह की विशेष मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 29.09.2025 06.10.2025 | 7.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार में नये लोनिवि (भ व प) विश्राम गृह का निर्माण (7 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल)। | 29.09.2025 16.10.2025 | 110.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना + तीन कार्य के लिए ई-निविदा। | 30.09.2025 14.10.2025 | 49,300/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज झज्जर | ब्लॉक व जिला झज्जर में जिला परिषद भवन के प्रथम तल पर कमरों का पुनरोद्धार व निर्माण। | 30.09.2025 08.10.2025 | 75.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव धौज ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, एचजीवीवाई + 8 कार्य। | 30.09.2025 08.10.2025 | 311.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | डी-प्लान - गांव अब्दुलगढ़ में मुस्लिम चौपाल का निर्माण और गांव सोहाटा ब्लॉक बराड़ा में बीसी चौपाल (कुम्हार) का निर्माण + 4 कार्य। | 30.09.2025 06.10.2025 | 75.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज अम्बाला | गांव सादिकपुर ब्लॉक शहजादपुर में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 30.09.2025 06.10.2025 | 26.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज अम्बाला | पंचायती राज के लिए विभिन्न विकास कार्यों हेतु तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी का पैनल तैयार करना। | 30.09.2025 08.10.2025 | ईएमडी 4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416274011 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | प्रहलादपुर - गांव प्रहलादपुर ब्लॉक लाडवा में पशु चिकित्सालय की मरम्मत + 4 कार्य। | 29.09.2025 13.10.2025 | 24.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 15 | कृषि एवं किसान कल्याण, जीन्द | गांव रामकली में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर-लॉग्ड और सैलाइन सोइल्स का रिक्लेमेशन। | 30.09.2025 07.10.2025 | 61.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813066477 ascojind@gmail.com |
| 16 | बागवानी विभाग भुना (फतेहाबाद) | सीईजी, भुना (फतेहाबाद) में किसान प्रशिक्षण किट के प्रावधान हेतु (बिड नं. जीईएम/बी/2025/6631479)। | 26.09.2025 14.10.2025 | | https://gem.gov.in/ | 93581-92110 ddhbhuna@gmail.com |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | नारनौल में वर्क टीडब्ल्यूडब्ल्यू माइक्रो इरीगेशन कार्य में अपेक्षित ऐरेटर्स, ट्रैश रैक और अन्य विविध मदें। | बंद होने की तिथि 09.10.2025 | 20.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/340/39212/I/88/7 दि. 01.10.25

## खबर संक्षेप

### सिर में गोली मारकर युवक की हत्या

**मेरठ।** गांव नरहाड़ा के जंगल में सिर में गोली मारकर युवक की हत्या कर दी गई। सुबह किसान खेत पर पहुंचा तो शव पड़ा देखा। पुलिस ने आकर जांच की और पहचान न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं एक फुटेज वायरल हो रही है, जिसमें एक युवक गोली मारता दिख रहा है। गांव नरहाड़ा से बिजली बंबा की ओर जाने वाली सड़क से करीब 200 मीटर अंदर चक रोड किनारे उपदेश बैसला की ट्यूबवेल पर 25 साल के युवक का शव पड़ा मिला।

चुनावी साल में बिहार को केंद्र से एक और सौगात मिली है। बिहार के 16 जिलों में 19 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी नरेंद्र मोदी कैबिनेट से मिल गई है

# बिहार के 16 जिलों में खुलेंगे 19 केंद्रीय विद्यालय

एजेंसी ▶▶ पटना

विधानसभा चुनाव 2025 से पहले केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बिहार के लिए बड़ा फैसला लिया है। मोदी कैबिनेट से राज्य में 19 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित ये स्कूल बिहार के 16 जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में खोले जाएंगे। इनमें पटना, गयाजी, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, दरभंगा, मधुबनी समेत अन्य जिले शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को देश भर में कुल 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी दी गई। इसके लिए 5862 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इनमें से 19 विद्यालय बिहार में खोले जाएंगे। सरकार का कहना है कि अभी कुल 1288 केवी संचालित किए जा रहे हैं, इनमें से 3 विदेश में स्थित हैं, बाकी देश के विभिन्न राज्यों में मौजूद हैं। इन स्कूलों में 13 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं।

**विस चुनाव से पहले मोदी कैबिनेट का फैसला**



फाइल फोटो

### एक नजर जिलों पर

- बिहार में इन जगहों पर खुलेंगे केंद्रीय विद्यालय एसएसबी 20वीं बटालियन पकटोला,
- सीतामढ़ी
- आईटीबीपी कटिहार
- कैमूर
- झंझारपुर
- मधुबनी
- शेखोपुरसराय, शेखपुरा
- जमौरा एवं कटनीकोल, शेखपुरा
- मधेपुरा
- वालमी, पटना
- अरवल
- पूर्णिया
- आरा, भोजपुर
- बेला इंडस्ट्रियल एरिया, मुजफ्फरपुर
- दीघा, पटना
- दरभंगा- नंबर 3
- भागलपुर टाउन
- बिहारशरीफ शहर
- बोधगया

## पेज एक का शेष....

### दशहरा से पहले ....

वाले सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स पर भी लागू होगी।

### स्वयंसेवक...

डालते हुए, मोदी ने शाखा स्थल को प्रेरणा का एक पवित्र स्थल बताया, जहां एक स्वयंसेवक सामूहिक भावना का प्रतिनिधित्व करते हुए मैं से हम की ओर अपनी यात्रा आरंभ करता है। उन्होंने कहा कि ये शाखाएं चरित्र निर्माण की यज्ञ वेदी हैं, जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि शाखाओं के भीतर, राष्ट्र सेवा की भावना और साहस की जड़ें पनपती हैं, त्याग और समर्पण स्वाभाविक हो जाते हैं, व्यक्तिगत श्रेय की लालसा कम हो जाती है और स्वयंसेवक सामूहिक निर्णय लेने और टीमवर्क के मूल्यों को आत्मसात कर लेते हैं। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को राष्ट्रसेवा की अपनी यात्रा में अनेक आक्रमणों और षड्यंत्रों का सामना करना पड़ा है, मोदी ने स्मरण किया कि कैसे स्वतंत्रता के बाद भी संघ को दबाने और उसे मुख्यधारा में शामिल होने से रोकने के प्रयास किए गए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पूज्य गुरुजी को झूठे मामलों में फंसाकर जेल भेज दिया गया था। फिर भी रिहा होने पर गुरुजी ने अत्यंत धैर्य के साथ कहा, कभी-कभी जीभ दांतों तले फंस जाती है और कुचल जाती है। लेकिन हम दांत नहीं तोड़ते, क्योंकि दांत और जीभ दोनों हमारी हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कभी भी कटुता नहीं रखी, इसका एक प्रमुख कारण लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं में प्रत्येक स्वयंसेवक की अटूट आस्था है। उन्होंने आपातकाल के दौरान स्वयंसेवकों को सशक्त और प्रतिरोध करने की शक्ति प्रदान करने का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आज, जब भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, तो चुनौतियां भी बदल गई हैं। आबादी का एक बड़ा हिस्सा निर्धनता से उबर रहा है, नए क्षेत्र युवाओं के लिए अवसर सृजित कर रहे हैं और भारत कूटनीति से लेकर जलवायु नीतियों तक वैश्विक स्तर पर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज की चुनौतियों में दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, राष्ट्रीय एकता को तोड़ने की साजिशें और जनसांख्यिकीय हेरफेर शामिल हैं। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि सरकार इन मुद्दों का शीघ्रता से समाधान कर रही है। एक स्वयंसेवक के रूप में, उन्होंने इस बात पर भी गर्व व्यक्त किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने न केवल इन चुनौतियों की पहचान की है, बल्कि उनका सामना करने के लिए एक ठोस रोडमैप भी तैयार किया है।

### टैरिफ संकट के बीच...

ही रूस से तेल की खरीद को लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए भारत पर न केवल दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ (जुर्माने का 25 फीसदी भाग शामिल) लगा चुके हैं। बल्कि ये भी कह चुके हैं कि तेल की खरीद से यूक्रेन युद्ध के बीच नई दिल्ली, मॉस्को को वित्तीय मदद उपलब्ध करा रही है। जो इस युद्ध को बढ़ावा देने में रूस को दिए जा रहे ईंधन के समान है। साथ ही उनका ये भी कहना है भारत की तरफ से तेल की खरीद पर पूरी तरह से रोक लगाने के बाद ही अमेरिका टैरिफ को कम करने पर विचार कर सकता है।

**अमेरिका को चला जाएगा साफ संदेश :** बताते चलें कि यह एक सालाना आयोजन है। जिसमें भाग लेने के लिए पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने रूस की राजधानी मास्को की यात्रा की थी। भारत-रूस के नेताओं की इस मुलाकात की शुरुआती जानकारी अगस्त-2025 में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की मास्को यात्रा के दौरान निकलकर सामने आई थी। जिसके तुरंत बाद पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर कार में हुई लगभग एक घंटे की मुलाकात की तस्वीरें सार्वजनिक हुई थीं। कुल मिलाकर मोदी-पुतिन की दिसंबर में भारत में होने वाली मुलाकात से अमेरिका को साफ शब्दों में ये संदेश चला जाएगा कि अमेरिकी टैरिफ के दबाव के बावजूद भारत-रूस की दोस्ती न केवल टिकी हुई है। बल्कि वो पूरी दृढ़ता और विश्वास के साथ मजबूती से कायम है। भारत की तरफ से इस वार्षिक शिखर सम्मेलन की तारीखों के संबंध में फिलहाल औपचारिक ऐलान किया जाना बाकी है। जल्द ही इस संबंध में घोषणा संभव है।

**मजबूत होगी भारत-रूस व्यापक साझेदारी :** भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों पुराने और विश्वसनीय भागीदार देशों के नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, व्यापारिक-सामरिक साझेदारी से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं से लेकर क्षेत्रीय और वैश्विक चिंताओं से जुड़े हुए मुद्दों पर भी गहन विचार-विमर्श किया जा सकता है। कुछ रक्षा सौदों पर भी दोनों की वार्ता के दौरान सहमति बनने की उम्मीद है। वहीं, मोदी-पुतिन की इस मुलाकात से अमेरिका के राष्ट्रपति की नाराजगी चर्चाओं में है। क्योंकि पूर्व में उन्होंने चीन में आयोजित किए गए एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के साथ मुलाकात की तस्वीरों ने ट्रंप को हिलाकर रख दिया था। जिसके बाद ही उन्होंने एक बार फिर से भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारने की पहल की थी।

### गाजा शांति योजना को लेकर...

रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हालांकि पीएम मोदी की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए अपनी ओर से कोई टिप्पणी या शब्द नहीं लिखा है। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा था कि 'हम गाजा में दोनों पक्षों के बीच विस्तृत रूप से शांति स्थापित करने की राष्ट्रपति ट्रंप की योजना का स्वागत करते हैं। यह योजना फिलिस्तीन और इजरायल के लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम-एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थायी शांति, सुरक्षा तथा विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह आशा भी व्यक्त की थी कि सभी संबंधित पक्ष अमेरिका के राष्ट्रपति की इस पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने व शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे'।

**नेतन्याहू की माफी की तस्वीर आई सामने :** वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री की मुलाकात के दौरान बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा फोन पर कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मांगी गई माफी की तस्वीर व्हाइट हाउस ने जारी की है। नेतन्याहू ने यह माफी इसी साल 9 सितंबर को इजरायल द्वारा कतर की राजधानी दोहा पर किए गए हमले के लिए मांगी थी। जिसमें करीब 5 लोगों की मौत हो गई थी। हमास के कुछ लोग भी इसमें शामिल थे। तस्वीर से ये साफ हो रहा है कि कैसे ट्रंप लैंडलाइन फोन को अपनी गोद में लिए हुए हैं और उसकी बातचीत की लाइन नेतन्याहू थामे कतर के अपने समकक्ष से माफी मांग रहे हैं। इस दौरान ट्रंप की निगाहें नेतन्याहू पर ही पूरी तरह से टिकी हुई हैं।

**शांति योजना से पलटे इजरायली पीएम :** समूचे घटनाक्रम के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति की शांति योजना से इजरायली पीएम के पलटने की चर्चा भी जोरों पर है। बेंजामिन नेतन्याहू ने इस संबंध में एक वीडियो संदेश में कहा है कि 20 सूत्रीय शांति योजना उन्हें स्वीकार है। लेकिन वह एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य को कभी भी अपना समर्थन प्रदान नहीं करेंगे। ये शांति प्रस्ताव ऐतिहासिक है। जिसके कुछ हिस्सों को सही ढंग से प्रस्तुत नहीं करने की कोशिश की गई है। हालांकि इजरायल इसके माध्यम से हमास को दुनिया में अलग-थलग करने में सफल रहा है। वर्तमान में पूरी दुनिया, अरब देश और कुछ मुस्लिम राष्ट्र मिलकर हमास पर दबाव डाल रहे हैं कि वो योजना में शामिल की गई हमारी शर्तों को माने। जिससे सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हो सके और इजरायली सेना गाजा में डटी रही। उधर, शांति योजना में गाजा के पुनर्विकास और फिलिस्तीनी आत्मनिर्णय (स्वतंत्र राज्य से संबंधित) का बिंदु शामिल है। ऐसे में इजरायली पीएम का यह संदेश शांति योजना को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है। हमास ने भी अभी तक शांति योजना को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### ऑपरेशन सिंदूर में सेनाओं...

सशस्त्र बलों को जोड़ता है। राष्ट्रीय शासन और रक्षा मशीनी के सुचारू संचालन के लिए वित्त का स्थिर प्रवाह आवश्यक है। नई दिल्ली में विभाग का 278 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया था। जिसे रक्षा मंत्री ने संबोधित करते हुए यह जानकारी दी है।

**संयुक्तता-एकीकरण में निभाए भूमिका :** रक्षा मंत्री ने विभाग से संयुक्तता और एकीकरण का वित्तीय साधक बनने का आग्रह करते हुए जमीनी स्तर से लेकर तीनों सैन्य मुख्यालयों तक इसकी उपस्थिति को भी रेखांकित किया। उन्होंने ये भी कहा कि रक्षा बजट के संरक्षक के रूप में डीएडी की भूमिका हमारे सशस्त्र बलों की भविष्य की क्षमताओं के निर्माण हेतु अनुसंधान-विकास को सक्षम बनाने व प्रोत्साहित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। डिजिटल सुधार प्रौद्योगिकी संचालित दक्षता और पारदर्शिता को लेकर विभाग के सक्रिय अभियान को उजागर करते हैं। जिससे देश की डिजिटल रूप से सशक्त रक्षा वित्त प्रणाली को और बढ़ावा मिलेगा। आज के युद्ध में नई प्रौद्योगिकियां अक्सर आश्चर्य पैदा करने वाले तत्व के रूप में हमारे सामने हैं। जो वर्षों के अनुसंधान, विकास का परिणाम हैं। इसलिए हमारे लिए एक ऐसा नवोन्मेषी इकोसिस्टम बनाना अनिवार्य है। जो रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दे। उन्होंने राजस्व और पूंजीगत रक्षा खरीद में गति, दक्षता की आवश्यकता पर बल दिया। इस संबंध में मंत्रालय द्वारा हालिया लिए गए निर्णयों का भी राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में उल्लेख किया।

### भारत ने मार गिराए ...

*को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। फिलहाल भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम पांच बजे से संघर्षविराम समझौता लागू है।*

### मलेशिया में आसियान शिखर...

के अलावा टैरिफ के मामले पर भी चर्चा की जा सकती है। पूर्व में मौजूदा साल में कनाडा में 17 जून को हुए जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भी दोनों की मुलाकात को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति की इस आयोजन के बीच में ही स्वदेश लौटने की वजह से ऐसा संभव नहीं हो सका। ट्रंप ने हालांकि पीएम मोदी को कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका से होकर जाने का निमंत्रण दिया था। लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने पहले से निर्धारित कार्यक्रम की वजह से उसके लिए हामी नहीं भरी।

**ट्रंप दे चुके पीएम से मुलाकात का संकेत :** पूरे घटनाक्रम के बीच ट्रंप ने रूसी तेल को लेकर भारत की हालांकि सख्त लहजे में आलोचना की है। उनका कहना है कि नई दिल्ली द्वारा लगातार मॉस्को से जारी तेल की खरीद से यूक्रेन युद्ध को रोकने के प्रयास कमजोर होते हैं। यह एक प्रकार से भारत द्वारा रूस को युद्ध को बढ़ावा देने के लिए धन मुहैया (ईंधन) कराने जैसा है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीच-बीच में भारत के प्रति अपने रुख में नरमी भी दिखाई है। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन से ठीक एक दिन पहले उन्होंने अपनी ट्रुथ सोशल पर की गई पोस्ट में न केवल उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। बल्कि पीएम मोदी को अपना एक बहुत अच्छा दोस्त और भारत को करीबी बताते हुए आगामी कुछ हफ्तों में उनसे मुलाकात करने की इच्छा जताई थी। जिसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप की भावनाओं को स्वीकार करते हुए उन्हें अपना समर्थन दिया था। ब्रिटेन यात्रा के दौरान भी अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत के प्रति सकारात्मक रुख दिखाया था।

**अमेरिका ने टैरिफ से लगाई पाबंदी :** यहां बता दें कि बीते कुछ वक्त में अमेरिका ने कई बार भारत पर टैरिफ लगाया है। जिसमें सबसे पहले यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस से चल रही कच्चे तेल की खरीद को लेकर दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया। जिसमें 25 फीसदी भाग जुर्माने का है। 27 अगस्त से देश के अंदर से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामान पर ये टैरिफ पूरी तरह से लागू हो गया है। इसके बाद अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को लेकर प्रतिबंध लगा दिए। जिससे वहां जारी भारत की विकास परियोजनाओं को झटका लगा। इसके अलावा अमेरिका ने विदेशों में बनी फिल्मों (भारत शामिल) पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया है। जो 1 अक्टूबर से प्रभावी हो गया है। भविष्य में उसकी योजना फर्नीचर उद्योग को भी टैरिफ की जद में लाने की है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच दोनों देशों के संबंधों में तल्खी बनी हुई है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते से जुड़ी वार्ता पर भी इसका असर पड़ा है।

**राष्ट्रीय हितों पर अडिग भारत :** भारत ने अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले का सार्वजनिक रूप से विरोध किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि भारत की तेल खरीद में उसकी आम-जनता की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। देश के किसानों और लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के हितों से किसी भी हालात में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने बीते वक्त में अपने आधिकारिक बयान में अमेरिकी टैरिफ को पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया है। साथ ही ये भी कहा कि ऐसे समय में जब अमेरिका स्वयं रूस के साथ अपना व्यापार जारी रखे हुए है। तो उसे भारत से क्या परेशानी है? भारत की तेल खरीद का निर्णय पूरी तरह से राष्ट्रीय हितों की पूर्ति, अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति और उसके आकलन पर आधारित है।

**10 देशों का क्षेत्रीय समूह है आसियान :** आसियान को 10 दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन के रूप में भी जाना जाता है। जिसकी स्थापना 8 अगस्त 1967 को हुई थी। इंडोनेशिया, सिंगापुर, फिलीपींस, मलेशिया, ब्रुनेई, थाईलैंड, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार और वियतनाम इसमें शामिल हैं। संगठन के साथ भारत के संबंध देश की विदेश नीति का एक प्रमुख स्तंभ और पूर्व की ओर देखो नीति की नींव हैं। 2012 में भारत-आसियान के बीच संबंध रणनीतिक साझेदारी में तब्दील हुए। इससे पहले 1992 भारत, आसियान का क्षेत्रीय साझेदार बना, 1996 में संवाद साझेदार और 2002 में शिखर सम्मेलन स्तरीय साझेदार बना था। दोनों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 30 संवाद तंत्र हैं।

### राज्यसभा उपसभापति...

इस सत्र में हरिवंश ने कहा कि भारत ने पिछले दो दशकों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में संस्थागत ढांचा खड़ा किया है, जिससे देश आज प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम हुआ है।

**वैश्विक स्तर पर भी निभाई अहम भूमिका :** हरिवंश ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के दौरान आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) की शुरुआत की थी, जो अब कई देशों के सहयोग से वैश्विक स्तर पर आपदा तैयारी और अवसंरचना को मजबूत कर रहा है। भारत ने सेंडाई फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। हरिवंश ने सभी देशों से आग्रह किया कि वे उच्च शिक्षा में आपदा प्रबंधन को शामिल करें, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का साझा संग्रह तैयार करें और विकासशील देशों के लिए नवोन्मेषी वित्तपोषण पद्धतियाँ विकसित करें।

# हरियाणा में किसानों को सौगात, कर्ज वसूली रोकी, खराब फसलों का जल्द मिलेगा मुआवजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत देते हुए प्रदेश में ट्यूबवेल कनेक्शनों के बिजली बिलों का भुगतान दिसंबर 2025 तक स्थगित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 तक देय बिल अब जनवरी 2026 से बिना अतिरिक्त शुल्क अदा किए जा सकेंगे, जिससे 7.10 लाख किसानों को तुरंत राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि जिन गांवों में बाढ़ से 50 प्रतिशत से अधिक फसलों का नुकसान हुआ है, उन किसानों से सहकारी समितियों के खरीफ सीजन के चालू फसली ऋण की वसूली स्थगित की जाती है।



**बाढ़ से प्रभावित लोगों को 4 करोड़ 72 लाख 6 हजार रुपये दिए जा रहे**

**एक नवंबर को महिलाओं के खाते में डालेंगे 2100 रुपये**

**बिजली बिल भुगतान में दिसंबर तक छूट, अतिरिक्त शुल्क नहीं**

### ट्यूबवेल के बिजली बिल जमा करने की छूट

सीएम नायब सैनी ने कहा कि आज ट्यूबवेल कनेक्शनों के बिजली बिलों का भुगतान दिसंबर, 2025 तक स्थगित करने की घोषणा करता हूं। जिन बिलों का भुगतान जुलाई, 2025 तक किया जाना था, वे अब जनवरी, 2026 से किसी भी अतिरिक्त शुल्क के बिना देय होंगे।

### खरीफ फसल कर्ज की वसूली रोकने के आदेश

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि जिन गांवों में बाढ़ की वजह से आधी से ज्यादा फसल बर्बाद हो गई है, और उन गांवों के कर्जदार किसानों की एक तिहाई से ज्यादा फसल खराब हो गई है, ऐसे गांवों के किसानों ने सहकारी समिति से जो खरीफ की फसल के लिए कर्ज लिया है, उसकी वसूली रोक दी जाएगी।

### पंचायती राज संस्थाओं की दूसरी किस्त जारी

सीएम सैनी ने बताया कि आज प्रदेश की पंचायती राज संस्थाओं को राज्य वित्त आयोग की दूसरी किस्त के रूप में 404 करोड़ 79 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। यह राशि 5 हजार 719 पंचायतों, 144 पंचायत समितियों और 3 जिला परिषदों के खातों में जाएगी।

**बाजरे का एमएसपी 2,775 प्रति क्विंटल**

187.30 मीट्रिक टन बाजरा खरीद संस्थाओं तथा 4,970 मीट्रिक टन व्यापारियों द्वारा खरीदा गया है। किसानों को 2,775 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

### सीएम योगी से लगाई गुहार बोला- अब और ना सताया जाए...बचा लें

**झांसी।** कुख्यात माफिया अतीक अहमद का बेटा अली अहमद बुधवार दोपहर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झांसी जेल शिफ्ट कर दिया गया। झांसी जेल पहुंचने पर मीडिया कर्मियों से बात करते हुए अली अहमद ने कहा मीडिया वालों के माध्यम से मुख्यमंत्रीजी से निवेदन है कि अब और न सताया जाए, जो हो गया सो हो गया, जो अन्यथा सताया जा रहा है उससे बचा ले। वहीं, उसने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने परेशान करने के लिए जानबूझकर उसकी जेल बदली है। अली ने बताया कि नैनी सेंट्रल जेल में वह पूरे नियम कायदे के साथ रह रहा था। लेकिन परेशान करने के मकसद से उसे प्रयागराज से दूर झांसी भेजा गया।

### बरेली बवाल: मौलाना तौकीर के करीबी डॉ. नफीस और उसके बेटे को भेजा जेल

**बरेली।** बरेली में बवाल के मामले में आरोपी डॉ. नफीस खां और उसके बेटे फरमान समेत आठ और आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि बुधवार को कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो आरोपी मुठभेड़ में पकड़े गए हैं। यह दोनों शाहजहांपुर जनपद के रहने वाले हैं। बवाल के बाद से अब तक कुल 81 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। फुटेज और वीडियो के आधार पर आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस का फोकस उन लोगों पर है, जिन्होंने भीड़ को जुटाने और उकसाने की कोशिश की थी।



आज के दौर में जब यंग और मिड एज के लोग भी तमाम हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करने लगे हैं, ऐसे में ओल्ड एजर्स के लिए हेल्दी रहना कितना चैलेंजिंग है, इसे समझा जा सकता है। लेकिन सच यह है कि अगर अपनी हेल्थ को लेकर आप कॉन्शस रहें और फैमिली का सपोर्ट मिले तो ओल्ड एज में भी हेल्दी-फिट और एनर्जेटिक रहा जा सकता है। इस बारे में बहुत यूजफुल सजेशंस।

# तब ओल्ड एज में भी रहेंगे आप हेल्दी-फिट-एनर्जेटिक

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. आलोक कल्याणी
कंसल्टेंट फिजीशियन
मैक्स सुपरस्पेशिएलिटी अस्पताल, दिल्ली

हमारा शरीर मशीन की तरह होता है। जैसे टाइम गुजरने के साथ एक मशीन काम करना थोड़ा कम कर देती है। वैसे ही उम्र बढ़ने पर शरीर में कमजोरी आने से बुजुर्गों की फिजिकल फिटनेस में कमी आती है, मेटाबॉलिज्म रेट धीमा हो जाता है, इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, कार्यक्षमता प्रभावित होती है। जिससे उन्हें कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कल ही इंटरनेशनल डे ऑफ ओल्डर पर्संस (1 अक्टूबर) बीता है। इस अवसर पर एक्सपर्ट डॉक्टर ने बताया कि इन समस्याओं से बचने के लिए बुजुर्ग कैसे रखें अपना ध्यान?

## फिजिकल हेल्थ का रखें ध्यान

बढ़ती उम्र में शरीर में किसी भी तरह का बदलाव नजर आने पर तुरंत डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।


**रेग्युलर हेल्थ चेकअप:** बुजुर्ग लोग नियमित रूप से हेल्थ चेकअप कराएं। ताकि हेल्थ पर नजर रखी जा सके और जरूरी हो तो यथा समय उपचार किया जा सके। समुचित मेडिसिन, कैल्शियम, आयरन, विटामिन सप्लीमेंट्स लेने और बीमारी को कंट्रोल में रखने के लिए जरूरी एहतियात बरतने पर ध्यान देना चाहिए। हर 6 महीने के अंतराल पर फुल बॉडी हेल्थ चेकअप कराना जरूरी है, जिसमें फेफड़ों, हार्ट समस्या, स्ट्रोक, लिवर, थायरॉइड, डायबिटीज और ब्लड प्रोफाइल की स्क्रीनिंग करानी बहुत जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ बोन डेंसिटी से होने वाले ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करने के लिए बोन डेंसिटी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जो पहले साइलेंट मोड में हो सकती हैं, जो उम्र बढ़ने के साथ सिंप्टोमेटिक हो सकती हैं। जैसे- प्रोस्टेट कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, गॉल ब्लैडर या गुर्दे में स्टोन, रिप्रोडक्टिव सिस्टम में यूटराइन लेयर मोटी होना, फायब्रॉइड्स। इनकी नियमित स्क्रीनिंग करानी चाहिए।

**वैक्सीनेशन:** सितंबर-अक्तूबर और फरवरी-मार्च के दौरान बदलते मौसम में इंफ्लुएंजा की इंफ्लूवैक, निमोनिया की न्यूमोवैक, वैक्सीन जरूर लगवाएं। टेटनस, डिप्थेरिया या व्हूपिंग कफ, एक्सेल्युलर पेट्यूसिस के लिए 64 साल की उम्र तक हर 10 साल में एटीडी हर 10 साल में टीडेप (टीडीएपी) की बूस्टर वैक्सीन लगवानी चाहिए। हेपेटाइटिस-ए, बी का वैक्सीन और ओरल मेडिसिन लेनी चाहिए। लीवर, अस्थमा, किडनी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को हर 5 साल के गैप में निमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन या पीवीसी और न्यूमोकोकल पॉलिसेकराइड वैक्सीन या पीपीएस-वी जरूर लगवानी चाहिए। स्वाइन फ्लू एच1एन1 वायरस से बचाव के लिए साल में एक बार स्वाइन फ्लू की वैक्सीन लगवानी चाहिए।



**जनरल चेकअप:** बुजुर्गों को आंख, कान और दांत की नियमित जांच करानी चाहिए। दांत और मसूड़े लंबे समय तक साथ दें, इसके लिए उन्हें नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। नियमित ब्रश करना, मसूड़ों की सफाई करना आदत में शुमार होना चाहिए। इस उम्र में आंखों की रोशनी कम होने लगती है। इसलिए आंखों की रेग्युलर जांच कराएं ताकि सही पॉवर का लेंस वाला चश्मा इस्तेमाल कर सकें। श्रवण क्षमता को बरकरार रखने के लिए उन्हें तेज साउंड को अवॉयड करने के लिए कहना चाहिए चाहे वो टीवी देखते समय हो या मोबाइल-लैपटॉप पर गाने सुनने या काम करते समय हो।








**फिजिकल एक्टिविटी:** वजन नियंत्रित रखने के लिए बुजुर्गों को मोटिवेट करें। ज्यादा वजन होने पर कई गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। जहां तक हो सके उन्हें एक्टिव रहने के लिए मोटिवेट करें। बाहर न जा पाएं तो उनके साथ कमरे या छत पर टहलें। उन्हें हल्के-फुल्के व्यायाम, योगा करने के लिए कहें। चेयर योगा उनके लिए बेस्ट होगा। फिट रहने के लिए उन्हें क्षमता और पसंदानुरूप कोई न कोई फिजिकल एक्टिविटी खुद करवाएं, वॉक, योगा कर सकते हैं। चूंकि उम्र बढ़ने के साथ शरीर कमजोर होने लगता है, इसलिए फिजिकल एक्टिविटी करने के दौरान फैमिली मेंबर को उनके साथ में जरूर रहना चाहिए। अगर आपका जाना संभव न हो, तो उन्हें हम उम्र-ग्रुप ज्वाइन करने के लिए मोटिवेट करना चाहिए। अपने साथ के लोगों के साथ कम्युनिकेशन करने, उठने-बैठने, विभिन्न एक्टिविटी करने में उन्हें बेहतर महसूस होगा।

## मेंटल हेल्थ भी जरूरी

बुजुर्गों की मानसिक सेहत पर भी नजर रखें। बढ़ी उम्र में डिमेंशिया, अल्जाइमर या भूलने की समस्या हो सकती है, जिसके चलते वे पुरानी बातें तो याद रखते हैं, लेकिन कुछ समय पहले की बातों, चीजों, घर का रास्ता, परिवार के सदस्यों तक को भूल जाते हैं। अपने निजी कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं। मनोचिकित्सक को तुरंत दिखाएं और समुचित मेडिसिन लें। ऐसे में उनकी देख-रेख की बहुत जरूरत होती है।

नकारात्मक विचारों को दूर करने के लिए उन्हें सकारात्मक एक्टिविटी या पसंदीदा काम में खुद को व्यस्त रखने के लिए कहें। बिजी लाइफस्टाइल के बावजूद उन्हें नियमित रूप से माइंडफुल मेडिटेशन, योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करें। धार्मिक प्रवृत्ति के हों, तो उनके लिए घर पर टीवी पर धार्मिक प्रोग्राम चलाने की व्यवस्था करें। संभव हो तो उन्हें पूजा-पाठ के लिए मंदिर या सत्संग-स्थल पर लेकर जाएं। जहां तक हो सके उन्हें अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। उन्हें किसी बात या व्यवहार से ठेस नहीं पहुंचने दें, अपनी इच्छा से काम करने दें। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि अकेलापन कई मानसिक बीमारियों का कारण है। बुजुर्गों को बच्चों का सान्निध्य पाने की ज्यादा उम्मीद होती है। इसलिए जरूरी है कि अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर उनके साथ बैठें, छोटी-छोटी बातों पर सलाह-मशविरा करें। उनके अनुभव सुनें। इससे उनका अकेलापन भी कम होगा, अपनी अहमियत का अहसास होगा और रिश्ते में मिठास आएगी। समय-समय पर उनका हालचाल पूछते रहना चाहिए। इससे उनकी तकलीफ दूर करने के लिए आप यथासंभव कदम उठा सकते हैं। साथ ही बड़े-बुजुर्गों को सुकून मिलेगा। सप्ताहांत में परिवार के साथ घूमने या पिकनिक, मूवी या



नाटक वगैरह देखने की योजना बनाएं। इससे आपस में न केवल इंटीमेसी बढेगी, बल्कि तनाव कम होगा और वे रिलैक्स होंगे। साथ ही उन्हें सोशली एक्टिव रहने, दोस्तों के साथ मिलने-जुलने या फोन पर बात करने के लिए कहना चाहिए। संभव हो तो महीने में एकाध बार छोटी-सा गेट-टू-गैदर कराएं। इससे वो जरूर रिलैक्स होंगे।

## हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें

बुजुर्गों को हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने और सरकेडियम ऋदम का ध्यान रखने के लिए प्रेरित करें। समय पर सोने-जागने, खाना खाने का ध्यान रखें। किसी भी हालत में ब्रेकफास्ट स्किप न होने दें और रात का खाना हल्का और सोने से कम से कम 2 घंटे पहले करने का नियम बनाएं। 3 मेन मील 'ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में भरपेट खाने के बजाय 5-6 मिनी मील दें। ध्यान रखें कि बुजुर्ग ब्रेकफास्ट जरूर करें और डिनर सोने से करीब तीन घंटे पहले करें। एक बार में ज्यादा खाने पर शरीर की मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिसका असर आपके शरीर पर पड़ता है। जबकि 2-3 घंटे के बाद हेल्दी स्नैक खाने से आप एलर्ट और एनर्जेटिक रहेंगे। साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्हें रोज नहाने और कपड़े बदलने, खाना खाने और बाहर से आने के बाद अच्छी तरह हैंडवॉश करने के लिए कहें। इम्यून सिस्टम कमजोर होने की वजह से इंफेक्शन होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है, इसलिए उनकी पर्सनल हाइजीन मेंटेन रखना बहुत जरूरी है।

## रखें सुरक्षा का ध्यान

बढ़ती उम्र में बुजुर्गों के फिसल कर गिरने की समस्या काफी देखने को मिलती है, जिससे कई बार उन्हें चोट लगने या फ्रैक्चर होने का खतरा रहता है। घर में उन्हें गिरने से बचाने के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए। उनकी सुरक्षा-संबंधी कुछ बातों पर जरूर ध्यान देना चाहिए ताकि वे फर्श पर या बाथरूम में फिसल न जाएं। फर्श को सूखा रखें और बुजुर्ग को ऐसे जूते-चप्पल पहनने को दें, जो कंफर्टेबल हो और फिसलन से बचाए। कोशिश करें कि उनके कपड़े कॉटन के, सॉफ्ट और वेदर-फ्रेंडली हों। रखे हुए कपड़े हैं तो उन्हें पहनाने से पहले अच्छी तरह धोकर सुखा लें और प्रेस करके पहनाएं। इससे उन्हें किसी तरह के स्किन इंफेक्शन का खतरा नहीं होगा और इनमें आने वाली स्मेल और सिलवटों से उन्हें परेशानी नहीं होगी। बुजुर्ग अकसर यूरिन कंट्रोल नहीं कर पाते। कपड़े गीले रहने से वे स्किन इंफेक्शन, यूटीआई जैसी समस्याओं से ग्रस्त होते हैं। जरूरी है कि वॉशरूम में टॉयलेट रोल या टिशू पेपर रखें और उन्हें कपड़े पहनने से पहले यूरिन एरिया अच्छी तरह सुखाने के लिए कहें। बढ़ती उम्र में कोलेजन और इलास्टिसिटी कम होने से बुजुर्गों की स्किन फ्रेजाइल हो जाती है। ड्राई स्किन में दरारें और झुर्रियां पड़ने लगती हैं, जिसकी वजह से कई बार उन्हें हाथ धोने में दिक्कत होती है। ऐसे में उन्हें नियमित मॉयश्चराइजर लगाने के लिए कहना चाहिए। अगर किसी बीमारी के लिए दवाई या सप्लीमेंट्स ले रहे हैं, तो ध्यान रखें कि दवाइयां समय पर नियम से लें। खत्म होने से पहले ही दवाइयों की व्यवस्था कर लें ताकि उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### खान-पान का रखें विशेष ध्यान



**इम्यूनिटी और** डायजेस्टिव सिस्टम कमजोर होने की वजह से अकसर बुजुर्गों को पाचन संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि उन्हें घर का बना ताजा, पौष्टिक और सुपाच्य आहार दें। संतुलित मात्रा में यानी एक बार में ज्यादा खाने के बजाय दो-तीन बार में थोड़ा-थोड़ा खाने की आदत डालनी चाहिए। आहार की क्वांटिटी के बजाय क्वालिटी इंप्रूव करें यानी, हर मील में सभी पोषक तत्वों को शामिल करें।

नियमित रूप से मॉडरेशन की नीति में पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार उन्हें दें। हाई फैट या हाई कार्बोहाइड्रेट डाइट के बजाय विटामिन, मिनरल, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन रिच डाइट दें। मौसमी और ताजे फल-सब्जियों, सलाद, स्प्राउट्स, रोजाना आहार में शामिल करें। हेल्दी डाइट लेने से दिल की बीमारी, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी कई बीमारियों से बचेंगे। इससे हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। भरपूर मात्रा में पानी या लिक्विड डाइट लेने के लिए कहें। इससे शरीर में जाने वाले टॉक्सिक तत्व शरीर से बाहर निकल जाते हैं और कई बीमारियों से बचाव हो सकता है।

---

# बदलते मौसम में उपयोगी है दालचीनी

घरेलू औषधि
रेखा देशराज

दालचीनी को संस्कृत में 'त्वक' कहा जाता है, जिसका मतलब होता है छाल। दालचीनी को शुरुआती सर्दियों के मौसम की स्वास्थ्य संबंधी संजीवनी कहा जाता है। दरअसल, बदलते मौसम में हमारे खान-पान और जीवनशैली में बदलाव आने लगता है। ऐसे में शरीर को गर्माहट, रोग प्रतिरोधक शक्ति और ऊर्जा की जरूरत होती है। दालचीनी या सिनेमोन इन दिनों हमारी सेहत की सुरक्षा करती है। आयुर्वेद में दालचीनी को कफ, वात दोषनाशक माना गया है। यह शरीर को गर्मी प्रदान करती है और हृदय को मजबूत बनाती है।

**सर्दी-जुकाम में कारगर:** दालचीनी कटु यानी तीखी और मधुर यानी मीठी दोनों होती है। जहां तक गुणों का सवाल है, यह हल्की और स्निग्ध यानी तेलयुक्त होती है। यह हृदय रोगों, पाचन और श्वसन तंत्र के लिए बेहद कारगर समझी जाती है। आयुर्वेद में दालचीनी का उपयोग, खांसी, जुकाम, बदहजमी, अपच, शारीरिक अवचेतन और श्वसन रोगों में जबर्दस्त लाभकारी माना जाता है। शुरुआती सर्दियों में दालचीनी का उपयोग चाय या काढ़ा के रूप में किया जाता है, जिसमें अदरक, लौंग और काली मिर्च के साथ दालचीनी को उबालकर धीरे-धीरे पिया जाता है। इससे सर्दी, जुकाम ठीक हो जाते हैं। यह शरीर में रक्त संचार को बेहतर बनाती है और गर्माहट देती है। रात में गुनगुने दूध में एक चुटकी दालचीनी पावडर डालकर पीने से नींद अच्छी आती है। सर्दी, जुकाम नहीं होती और सर्दियों में अकसर होने वाली विभिन्न संक्रामक परेशानियों से निजात मिलती है, क्योंकि दालचीनी वाला दूध पीने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। दालचीनी पावडर और शहद का मिश्रण सुबह-सुबह लेने से शरीर में ऊर्जा आती है और खांसी जुकाम से सुरक्षा होती है।



**कई रोगों से बचाए:** आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में दालचीनी की बहुत उपयोगिता है, क्योंकि इसमें सिनामाल्डिहाइड नामक एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल तत्व पाया जाता है, जो ब्लड शुगर कंट्रोल में मददगार साबित होता है। इसलिए शुगर के रोगियों के लिए दालचीनी का इस्तेमाल बहुत लाभदायक होता है। दालचीनी में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट शरीर को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। इससे हृदय स्वास्थ्य में सुधार और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। लेकिन दालचीनी को अधिक मात्रा में इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसका ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदायक होता है। प्रेग्नेंट महिलाएं, उच्च रक्तचाप या रक्त पतला करने वाली जो लोग दवाएं ले रहे हों, उन्हें भी डॉक्टर की सलाह से ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए। *

---

फिटनेस फंडा
ऋषि सक्सेना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर आ रहे सीरियल 'इत्ती सी खुशी' में संजय का किरदार निभा रहे ऋषि सक्सेना अपनी हेल्थ और फिटनेस को बहुत इंपॉर्टेंस देते हैं। इसीलिए इसका पूरा ध्यान रखते हैं। इसके लिए वे क्या एफर्ट्स करते हैं, किन बातों को फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है

आज के व्यस्त और चुनौतीपूर्ण जीवनशैली में अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत का ख्याल रखना हर किसी के लिए जरूरी हो गया है। हालांकि इसके लिए टाइम निकालना भी टफ होता है। खासकर टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाले कलाकारों के लिए यह और भी मुश्किल होता है, क्योंकि शूटिंग शेड्यूल के बीच समय निकालकर फिटनेस पर ध्यान देना आसान नहीं होता। लेकिन एक्टर ऋषि सक्सेना अपनी फिटनेस को मेंटेन करने के लिए पूरा ध्यान देते हैं। उनका मानना है कि सही दिनचर्या और अच्छी आदतों से कोई भी खुद को एक्टिव और एनर्जी से भरपूर बना सकता है। इस बारे में वह यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## मेरे आइडियल विराट कोहली

मैं मानता हूं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए मैं हमेशा अपने स्वास्थ्य और फिटनेस पर ध्यान देता हूं। मेरे हिसाब से हेल्दी, फिट और ऊर्जावान महसूस करना अच्छी लाइफ के लिए तो जरूरी है ही और यह स्लिम-ट्रिम दिखने का आधार भी बनता है। इस मामले में मेरे आइडियल क्रिकेटर विराट कोहली हैं। उनकी फिटनेस, डिसिप्लीन और एनर्जी लेवल ने मुझे बचपन से ही प्रभावित किया है।



## डाइट प्लानिंग

मैं अपने रूटीन और हेल्थ के हिसाब से डाइट प्लानिंग करता हूं। मैं सुबह नाश्ता स्किप कर देता हूं और लंच को अपनी पहली मील मानता हूं। शाम को हल्का स्नैक्स और रात में बैलेंस्ड डिनर करता हूं। हर मील में प्रोटीन, कार्ब्स और फैट का संतुलित मिश्रण होता है।

## फिजिकल एक्टिविटी

फिट रहने के लिए मैं रोज कम से कम आठ हजार कदम चलने की कोशिश करता हूं। भले ही मैं शूटिंग में कितना भी व्यस्त क्यों न रहूं, इसके बावजूद भी यह मेरी आदत का हिस्सा है। इसे मैं जरूर फॉलो करता हूं। इसके साथ ही मैं नियमित रूप से वर्कआउट करता हूं, जिसमें स्ट्रेचिंग, कार्डियो और स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइजेज शामिल होते हैं। मेरे लिए हेल्दी और फिट रहना जरूरी है, क्योंकि हमारे एक्टिंग प्रोफेशन के लिए स्लिम और ट्रिम दिखना जरूरी होता है और वो इसी से जुड़ा है। इसीलिए मैं कोशिश करता हूं कि हर रोज शरीर को अधिक से अधिक एक्टिव और एनर्जेटिक रखूं।

## मेंटल फिटनेस भी है जरूरी

मेरे लिए मानसिक सेहत भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी शारीरिक फिटनेस। हर रात सोने से पहले मैं कुछ देर ध्यान यानी मेडिटेशन करता हूं। इससे मुझे नींद अच्छी आती है और दिमाग शांत रहता है। मानसिक रूप से हेल्दी और पीसफुल रहने की वजह से मैं अपनी एक्टिंग में पूरे फोकस और ऊर्जा के साथ परफॉर्म कर पाता हूं।

## रीडर्स को सजेशन

मैं अपने अनुभव के आधार पर पाठकों से यह कहना चाहूंगा कि शरीर और मन दोनों पर समान रूप से ध्यान देना ही लंबे समय तक स्वस्थ रहने और जीवन में सफलता पाने का मार्ग है। बैलेंस्ड डाइट, नियमित व्यायाम और मानसिक शांति बनाए रखना किसी भी व्यक्ति को ऊर्जा, आत्मविश्वास और अच्छी हेल्थ पाने में मदद करता है। इसलिए अपनी लाइफ को हैप्पी बनाए रखने के लिए हेल्थ और फिटनेस पर ध्यान देना जरूरी है। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स



## अमेरिका में अचानक हुआ शटडाउन, समर्थन नहीं जुटा पाए ट्रंप

# अमेरिका में फंड खत्म, विकास के काम बंद! सरकारी कर्मचारी घर बैठे


*अमेरिका में हर साल 1 अक्टूबर से नया वित्तीय वर्ष शुरू होता है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में अचानक सरकारी काम-काज ठप (गवर्नमेंट शटडाउन) होने से लाखों सरकारी कर्मचारी घर बैठ गए हैं और विकास के काम रुक गए हैं। यह संकट फंड की कमी के कारण आया है, जो सीधे तौर पर अमेरिकी कांग्रेस में उपजे राजनीतिक गतिरोध का परिणाम है। हर साल, नए वित्तीय वर्ष के लिए फंडिंग बिल पास करना ज़रूरी होता है। इस बार, रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स स्वास्थ्य सेवा जैसे अहम मुद्दों पर खर्च को लेकर सहमत नहीं हो पाए। दोनों पक्षों की राजनीतिक ज़िद ने बिल को पास नहीं होने दिया। जिसके चलते सरकार के पास खर्च के लिए कानूनी अनुमति नहीं बची। अमेरिका में सरकारी काम-काज बंद (गवर्नमेंट शटडाउन) होने का मुख्य कारण फंड की कमी है, जो दरअसल अमेरिकी कांग्रेस (संसद) में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन पार्टियों के बीच बजट को लेकर गहरे राजनीतिक गतिरोध का नतीजा है।

**रिपब्लिकन को 60 वोट चाहिए थे लेकिन उन्हें केवल 55 वोट मिले**

**कांग्रेस को एक अल्पकालिक व्यय विधेयक पास करना होता है**



### ट्रंप का सख्त रुख

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर करारा हमला बोला। व्हाइट हाउस बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर विपक्ष का मज़ाक उड़ाते हुए कहा कि वे चुनाव भारी अंतर से हार गए और अब भी नहीं बदले। हालांकि, राजनीतिक दबाव और संभावित नुकसान को देखते हुए अब ट्रंप पर बैकफुट आने का दबाव बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ट्रंप सख्त रुख पर अड़े रहे, तो जनता की नाराज़गी सीधे उन पर फूट सकती है।

### ट्रंप बोले- हम अमीर होते जा रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका फेवरेट शब्द 'टैरिफ' है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शब्दकोष में उनका पसंदीदा शब्द टैरिफ है, ट्रंप ने इसे सबसे सुंदर शब्द बताया और अमेरिका को समृद्ध बनाने का श्रेय टैरिफ को दिया। क्वांटिको स्थित मरीन कॉर्प्स बेस पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा, मुझे टैरिफ बहुत पसंद हैं। मेरा पसंदीदा शब्द टैरिफ है। इसकी वजह से हम बहुत अमीर बन रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि दूसरे देश वर्षों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं लेकिन टैरिफ ने व्यापार में निष्पक्षता बहाल की है।

### शटडाउन का सीधा असर

*व्हाइट हाउस बजट ऑफिस आधिकारिक मेमो जारी करेगा और शटडाउन लागू हो जाएगा। इसका असर सबसे पहले संघीय कर्मचारियों पर पड़ेगा। करीब 7.5 लाख कर्मचारियों को अस्थायी रूप से बिना वेतन काम करना पड़ेगा या घर बैठना पड़ेगा। सेना के जवान और आवश्यक सेवाएं तो जारी रहेंगी, लेकिन उनका वेतन रोका जा सकता है। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डेटा की आपूर्ति पर भी असर पड़ेगा।*

**बोर्ड ने नकवी को 72 घंटे का समय दिया**

# हार के बाद भी ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाले नकवी पर दुबई में होगा प्रकरण दर्ज!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मैदान में पसीना बहाकर एशिया कप 2025 जीता, लेकिन ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमा बैठे हैं मोहसिन नकवी! एशियन क्रिकेट काउंसिल के चीफ पर सनसनीखेज़ आरोप है कि उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपने की बजाय उसे होटल ले जाकर 'हथिया' लिया। यह हरकत ना सिर्फ खेल भावना के खिलाफ है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। बीसीसीआई इस बेशर्मी से तिलमिलाई हुई है और अब दुबई पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। सवाल अब ये खड़ा होता है कि क्या एशिया कप की ट्रॉफी अब खेल का सम्मान है या सियासी मोहरा बन चुका है जहां व्यक्तिगत अहम एक दूसरे पर भारी पड़ रहा है। भारत के फाइनल जीते



अब 72 घंटे से ज़्यादा हो चुके हैं और मोहसिन नकवी ने ना तो ट्रॉफी भारत को सौंपी है और ना ही उसको एशियन क्रिकेट काउंसिल के दफ़्तर भेजा हैं। मंगलवार को एसीसी की बैठक में ज़ोर-शोर से ये विवाद उठा और कई देशों के प्रतिनिधियों ने इसका विरोध भी किया पर मोहसिन नकवी अपनी ज़िद पर अड़े रहे और ट्राफ़ी उनके होटल के कमरे में पड़ी रही।

### नकवी बोले- सूर्य पाक आकर ले जाएं ट्रॉफी

मोहसिन नकवी ने एसीसी की बैठक में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से माफी मांगी है। सूत्रों के अनुसार, नकवी ने दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं पर खेद व्यक्त किया। लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि सूर्य को ट्रॉफी लेना है वो पाकिस्तान आकर ले ले। हालांकि, बीसीसीआई ने उन्हें करारा जवाब दिया और कहा, जब आप उनके सामने थे, तब उन्होंने ट्रॉफी नहीं ली, क्या आपको लगता है कि अब वह आएंगे?

## जयशंकर ने चीन के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने बुधवार को चीन के स्थापना दिवस के मौके पर चीनी जनता और विदेश मंत्री वांग यी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह भारत और चीन के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिए काम करने को उत्सुक हैं। चीन में 1 अक्टूबर को स्थापना दिवस मनाया जाता है।

**ट्रंप का झुकाव पाकिस्तानी फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर की ओर**

# जयराम रमेश बोले: स्वयंभू विश्वगुरु अब बेनक़ाब हो चुके हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भारत के हितों के विपरीत रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए मोदी सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला बोला है। रमेश ने कहा कि ट्रंप का झुकाव लगातार उस व्यक्ति की ओर बना हुआ है, जिसकी उकसाऊ और सांप्रदायिक बयानबाज़ी के साये में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमला हुआ था।

जयराम रमेश का इशारा पाकिस्तान के फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर की ओर था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पिछले तीन महीनों में दो बार व्हाइट हाउस में आसिम मुनीर से मुलाकात कर चुके हैं, और अब तो ट्रंप यह भी कह रहे हैं कि उन्हें यह बात बहुत अच्छी" लगी जब आसिम मुनीर ने उनकी तारीफ़ में कहा कि उन्होंने 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोककर कई ज़िंदगियाँ बचाई। रमेश ने यह भी कहा कि ट्रंप के ऑल-पावरफुल चीफ़ ऑफ़ स्टाफ़ ने भी फ़ील्ड मार्शल की उस प्रशंसा को "सबसे ख़ूबसूरत बात" बताया।

### नारेबाज़ी और दिखावे का दौर अब ख़त्म:जयराम रमेश

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी विदेश नीति को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा, जहाँ तक भारतीय कूटनीति का सवाल है, नारेबाज़ी, दिखावा, शेखी बघारने और उपदेश देने का दौर अब समाप्त हो चुका है। चुनौतियाँ कई हैं- न केवल अमेरिका के साथ, बल्कि अन्य देशों के साथ भी। स्वयंभू विश्वगुरु और उनके चेले अब पूरी तरह से बेनक़ाब हो चुके हैं। रमेश ने कहा कि मोदी सरकार बार-बार भारत को "विश्वगुरु" कहने का दावा करती रही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत के हितों से जुड़े अहम मोर्चों पर वह असहाय दिख रही है।

### कूटनीतिक चुनौतियाँ बढ़ीं, अमेरिका का रुख चिंता का विषय

कांग्रेस का कहना है कि भारत को लेकर अमेरिका की नीति में जिस तरह का बदलाव दिख रहा है, वह चिंताजनक है। एक तरफ अमेरिका पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व के साथ खुली नज़दीकी दिखा रहा है, दूसरी ओर भारत को रणनीतिक साझेदार कहने के बावजूद संवेदनशील मुद्दों पर उससे परहेज़ कर रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि ट्रंप द्वारा पाकिस्तानी सेना प्रमुख की प्रशंसा और भारत-पाक संघर्ष में उनकी भूमिका को सराहना, आने वाले समय में दक्षिण एशिया की कूटनीति को प्रभावित कर सकती है।

### विदेश नीति के पुनर्मूल्यांकन का समय

कांग्रेस पार्टी ने औपचारिक तौर पर कई अवसरों पर केंद्र सरकार से कहा है कि वह विदेश नीति में घोषणाओं और प्रचार से बाहर निकलकर व्यावहारिक रणनीति अपनाए। पार्टी का कहना है कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देशों के साथ संबंधों को ठोस राष्ट्रीय हितों पर आधारित होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक दिखावे पर।

बहरहाल, जयराम रमेश का यह बयान न केवल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के हालिया रुख पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि मोदी सरकार की विदेश नीति की दिशा पर भी गंभीर प्रश्न उठाता है। पाकिस्तान के फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ अमेरिकी नज़दीकियों और आतंकी पृष्ठभूमि के बावजूद उनके प्रति झुकाव ने भारत की कूटनीतिक चुनौती को और बढ़ा दिया है।

**पीओके में प्रदर्शन के दौरान हिंसा**

# सेना ने भीड़ पर कर दी फायरिंग 10 की हुई मौत, 100 हुए घायल




एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन जारी है। इसे रोकने के लिए सिक्योरिटी फोर्सेज ने बुधवार को निहत्थे लोगों पर फायरिंग की। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हैं।

तीन दिन जारी इन प्रदर्शनों में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आज बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में 2 मौतें हुईं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है।

इन्होंने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें पीओके विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग शामिल है।

## चिंतन

# अमीर-गरीब की खाई को कम करना बहुत जरूरी

इसमें कतई दोराय नहीं है कि भारत आर्थिक विषमतापूर्ण देश है। भारत के लोगों में अपनी आय, उपभोग क्षमता और संपत्ति को असलियत से कम बताए जाने की सोच रही है। अमीरी और गरीबी के बीच खाई यहां कोई नई बात नहीं है। यह व्यवस्था सदियों से चली आ रही है। जब राजतंत्र हुआ करता था तो कुछ विशेष वर्ग के लोग थे, जो धनी हुआ करते थे। जो संपूर्ण समाज का महज दस प्रतिशत थे, वही सभी लोगों पर नियत्रंण रखते थे, लेकिन अब हम राजतंत्र नहीं लोकतंत्र में पहुंच गए हैं और अमीर-गरीब की खाई कम होने की बजाए लगातार बढ़ रही है। जो गंभीर चिंता का विषय है। धन का वितरण अत्यधिक असमान हो रहा है। इस खाई के मुख्य कारणों में नीतियों का ठीक से लागू न होना, कोरोना जैसी आपदाओं का असमान प्रभाव, तकनीकी प्रगति का लाभ उच्च वर्ग तक सीमित रहना और सामाजिक-आर्थिक संरचनाएं शामिल हैं। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में भी अधिकतम लाभ उसी छोटे से तबके के हिस्से में ही जा रहा है जो पहले से ही अमीर है। अमीर की अमीरी लगातार बढ़ती जा रही है और गरीब और गरीब हो रहा है, यह कहना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। नब्बे के दशक में देश में हुए आर्थिक सुधारों के बाद बड़ी आबादी गरीबी रेखा से बाहर आ आई है। पिछले तीन दशकों के भीतर देश में प्रति व्यक्ति आय में भी तेजी से वृद्धि हुई है। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार 1991 में जहां देश में प्रति व्यक्ति जीडीपी 301 डॉलर थी, वहीं 2021 में यह बढ़कर 2,277 हो गई। यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2005-06 से 2015-16 के दौरान भारत में 27.1 करोड़ लोग अत्यंत गरीब वर्ग से बाहर निकलने में सफल रहे। यह सब आंकड़े सही हैं, साथ में यह भी सही है कि भारत में करोड़पतियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। वर्ष 2021 में आयकर भरने वाले 131,000 ने स्वयं को करोड़पति घोषित किया था। 2020 तक करोड़पतियों की संख्या 125,000 थी। वर्ष 2026 तक देश में करोड़पतियों की संख्या दोगुनी हो जाने की उम्मीद है। इसके अलावा ऐसे नागरिकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है जिनकी वार्षिक आय 10 लाख से एक करोड़ के बीच रही। वित्त वर्ष 2021 में ऐसे आयकर दाताओं की संख्या 73 लाख थी जो 2022 में बढ़कर 77 लाख हो गई। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार देश के किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। बड़ी जोत वाले किसानों की वार्षिक आय में जहां 2 फीसदी की वृद्धि हुई है, वहीं छोटे किसानों की आय में 10 फीसद की वृद्धि हुई है। एक अक्टूबर को एम3एम हुरुन रिच लिस्ट 2025 जारी की है। इस बार लिस्ट में 1,687 व्यक्तियों को शामिल किया गया। सभी अमीरों की कुल नेटवर्थ 167 लाख करोड़ रुपये है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है। ये हालात लोकतंत्र के लिए कतई सही नहीं हैं। जहां सबको समान अधिकार हैं तो धन वितरण में इतना अंतर क्यों। सरकार को इस स्थिति को सुधारने के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर अधिक खर्च करना होगा, रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे और ग्रामीण-शहरी असमानता को कम करने का प्रयास करना होगा। छोटे और मध्यम उद्योगों को इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने और उन्हें सुचारू रूप से चलने के लिए आवश्यक सुविधाएं देने पर भी इस असमानता को कम किया जा सकता है। सरकार को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो धन के वितरण को अधिक समान बनाएं और सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करें तभी इस खाई को पाटा जा सकेगा।

## दशहरा विशेष

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# रावण करना चाहता था प्रकृति के विरुद्ध बदलाव

हम प्रतिवर्ष दशहरा पर्व पर रावण की बुराइयों का खाता खोले नजर आते हैं। कारण यह कि राक्षस राज ने अपनी विद्वता का अन्यथा उपयोग कर समाज में एक गलत धारणा को प्रतिष्ठित किया! वैसे पूरी दुनिया इस बात से वाकिफ़ है कि दशानन रावण जैसा प्रकांड विद्वान और महाबली पूरी दुनिया में और कोई नहीं था। वास्तव में देखा जाए तो रावण एक विराट चरित्र है, पर अफसोस :

अति रूपेण वै सीता, अति गर्वेण रावण,
अति दानाद बलिर्बद्धो, अति सर्वत्र वर्जेत।

अर्थात सीता अति सुंदर है, रावण अति अभिमानी है , बलि वरदानों से बंधा है, सर्वत्र उसका कल्याण हो। पाप या अधर्म अथवा अनैतिक कार्य, मद, अहंकार, घमंड ये तमाम अवगुण अपयश ही देते हैं। अतः निरंतर पूजा-पाठ, दान-पुण्य, परोपकार, दया-करुणा , प्रेम-सौहाद्र , इत्यादि मानवीय सद्गुणों का आह्वान कर मनुष्य उन्नति को प्राप्त कर सकता है। रावण राक्षस जरूर था, किंतु प्राण त्यागने से पूर्व उसने भगवान श्रीराम के आग्रह पर उपदेश भी सुनाया। रावण ने अपने उपदेश में कहा-शुभ कार्य शीघ्र कर डालना चाहिए। अशुभ कार्यों को टाल देना चाहिए। मैं भी कुछ शुभ कार्य करना चाहता था, किंतु टाल-मटोल के कारण नहीं कर पाया। रावण का पश्चाताप भी मौत के आलिंगन से पूर्व सामने आया। रावण ने कहा कि एक अशुभ काम मेरे मन में आ बैठा। यह जानते हुए भी कि पर नारी पर बुरी नजर डालना ठीक नहीं, किंतु मैं खुद को रोक नहीं पाया! सीता का हरण कर बैठा! नतीजा यह हुआ कि कुल सहित मेरा नाश हो गया। रावण बहु विधाओं का जानकार था। उसे मायावी इसलिए कहा जाता था कि वह इंद्रजाल, तंत्र, सम्मोहन और तरह-तरह की जादूकला में निपूर्ण था। यही कुछ कारण थे कि लोग उससे भयभीत रहा करते थे। उसने कुछ ऐसे सपने संजो रखे थे जो पूरे हो जाते तो यह दुनिया जिस रूप में दिखाई पड़ रही है, वैसी न होती! रावण कुदरत के नियमों के खिलाफ खड़ा नजर आता था। रावण संहिता में उल्लेखित उसके अधूरे सपने वास्तव में उसकी वैज्ञानिक सोच का आईना कहे जा सकते हैं । रावण संहिता के अनुसार रावण चाहता था कि मानव प्रजाति में जितने भी लोगों का रंग काला है, वह गोरा हो जाए, ताकि कोई भी महिला उसका अपमान न कर सके ! रावण बाली को पराजित करने का सपना भी देखा करता था। बाली उसे अपनी बगल में दबाकर समुद्रों की परिक्रमा किया करता था! रावण का बाली पर विजय का सपना अधूरा ही रह गया। रावण चाहता था कि दुनिया भर के स्वर्ण भंडार पर उसका अधिकार हो! साथ ही स्वर्ण की पहचान के लिए वह उसमें विशेष प्रकार की सुगंध डालना चाहता था! रावण किसी वैज्ञानिक की तरह सोचा करता था, इस संदर्भ में रावण संहिता बताती है कि रावण चाहता था कि खून का रंग लाल के बदले सफेद हो जाए ताकि वह पानी के साथ मिलकर उसके अत्याचारों को जग-जाहिर न होने दे! रावण पूरी प्रकृति पर अपना कब्जा चाहता था!

उसकी एक बड़ी इच्छा यह थी कि वह स्वर्ग तक सीढ़ियां बना सके! इस सोच में उसके खतरनाक इरादे छिपे हुए थे। वह चाहता था कि लोग अपनी कुशल क्षेम के लिए भगवान की नहीं, उसकी पूजा करें! वह यह भी चाहता था कि उसकी पूजा करने वालों को वह सीधे स्वर्ग का मार्ग सीढ़ी के माध्यम से दे सके! रावण खुद मदिरा प्रेमी था। वह चाहता था कि मंदिरा की दुर्गंध समाप्त कर दे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उसे पीने लगें! उसकी वैज्ञानिक सोच के चलते वह ऐसा कर लेता तो पूरी दुनिया नशे की गुलाम हो जाती। रावण यह भी चाहता था कि समुद्र का खारा पानी, मीठा हो जाए ! ऐसा हो जाने से लोग उसकी पूजा करने लगते और भगवान की आराधना बंद हो जाती। इन्हीं सारी विकृत इच्छाओं के कारण ही रावण का अंत प्रभु श्रीराम के हाथों हुआ। ऐसे भी उल्लेख मिलते हैं कि रावण ने ही अरुण संहिता, अंक प्रकाश, इंद्रजाल, प्राकृत कामधेनु, प्राकृत लंकेश्वर रावणियम जैसी पुस्तकों की रचना की । अपने कुल और राक्षस समाज की रक्षा के लिए दशानन ने ही 'रक्ष' संस्कृति की स्थापना की। रावण द्वार रचित शिव तांडव स्त्रोत आज भी भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए गया जाता है। आज ज्योतिषियों के लिए कुंडली सहित अनेक बाधाओं के हल के रूप में रावण संहिता अद्वितीय ग्रन्थ माना जाता है। इसी तरह 'रावण हत्था' वाद्य यंत्र का आविष्कार भी रावण द्वारा किया गया। कहते हैं आज भी उक्त वाद्य यंत्र राजस्थान और गुजरात में बजाया जाता है। रावण खुद कहा करता था कि जो व्यक्ति खुद की स्तुति करता है या अपनी प्रशंसा सुनने का आदी हो जाता है, उसे कभी सफलता नहीं मिलती।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



गांधी जयंती

विवेक शुक्ला

# वो हैं प्रार्थना सभाओं का स्थायी चेहरा

> 88 साल की कात्सू सान की ऊर्जा देखने लायक है। उन्होंने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के दौरान फखरुद्दीन अली अहमद, शंकर दयाल शर्मा, के.आर. नारायणन, एपीजे अब्दुल कलाम, प्रतिभा सिंह पाटिल, प्रणव कुमार मुखर्जी, राम नाथ कोविंद जैसे राष्ट्रपतियों तथा इंदिरा गांधी से लेकर नरेन्द्र मोदी तक के सामने बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ी है। वो बीते कई महीनों से बीमार हैं। आप चाहें तो छोटे कद की कात्सू सान को देश की सबसे बुलंद गांधीवादी मान सकते हैं। आशा की जानी चाहिए कि कात्सू सान आगामी 30 जनवरी को गांधी जी के बलिदान दिवस पर होने वाली प्रार्थना सभा में अपनी मौजदूगी दर्ज करवाएंगी।

गांधी जयंती पर सुबह राजघाट और फिर शाम को गांधी स्मृति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में एक बेहद अहम शख्सियत की इस बार कमी खलेगी। वो बीती आधी सदी से भी अधिक समय से राजधानी में बापू के बलिदान दिवस, जयंती से लेकर खास सरकारी आयोजनों में होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में भाग लेती रही हैं। हम बात कर रहे हैं कात्सू सान की। वो 2 अक्तूबर तथा 30 जनवरी को राजघाट और फिर तीस जनवरी मार्ग (बिड़ला हाउस) में आयोजित होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का स्थायी चेहरा हैं। 88 साल की कात्सू सान की ऊर्जा देखने लायक है। उन्होंने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के दौरान फखरूद्दीन अली अहमद, शंकर दयाल शर्मा, के.आर. नारायणन, एपीजे अब्दुल कलाम, प्रतिभा सिंह पाटिल, प्रणव कुमार मुखर्जी, राम नाथ कोविंद जैसे राष्ट्रपतियों तथा इंदिरा गांधी से लेकर नरेन्द्र मोदी तक के सामने बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ी है। वो बीते कई महीनों से बीमार हैं। आप चाहें तो छोटे कद की कात्सू सान को देश की सबसे बुलंद गांधीवादी मान सकते हैं। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में हिन्दू, इस्लाम,पारसी, सिख, बहाई, यहूदी धर्मों के धार्मिक ग्रंथों से पाठ होता है।

कात्सू सान के नेतृत्व में ही सर्वधर्म प्रार्थना होती रही है। उन्हें सब कात्सू बहन कहते हैं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर उनकी निष्ठा निर्विवाद है। कात्सू सान मूलतः जापानी नागरिक हैं। वो 1956 में भगवान बुद्ध के देश भारत में आईं थी ताकि उन्हें और गहराई से जान लें। एक बार यहां आईं तो उनका गांधीवाद से भी साक्षात्कार हो गया। उसके बाद तो उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार गांधी जी ने ही संसार को दिया था। उनके जीवनकाल में यह आरंभ हो गई थी। उनके संसार में न रहने के बाद भी 2 अक्तूबर, 30 जनवरी तथा अन्य विशेष अवसरों पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती हैं। कात्सू सान को कुछ लोग मां जी भी कहते हैं। कुछ उन्हें कात्सू बहन भी कहते हैं। उनसे मिलकर लगता है कि आप अपनी मां का आशीर्वाद ले रहे हैं। उनसे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी मिलते हैं। इंदिरा गांधी उनके साथ खड़ी हो जाती थीं, नरेन्द्र मोदी भी उनका हालचाल पूछते रहे हैं। वो बीते कई महीनों से बीमार हैं।

कात्सू सान के शीघ्र स्वस्थ होने की राजधानी में रहने वाले तमाम गांधीवादी प्रार्थना कर रहे हैं। कात्सू सान के ही प्रयासों से राजधानी में विश्व शांति स्तूप स्थापित हुआ। कात्सू सान धारा प्रवाह हिंदी बोलती हैं। उन्होंने हिंदी काका साहेब कालेकर से सीखी। मुस्कान उनके चेहरे का स्थायी भाव है। कात्सू सान उन गांधीवादियों में शामिल हैं जो विश्व बंधुत्व, प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए भारत के गांवों, कस्बों, शहरों और महानगरों में घूमती हैं। गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर उनकी निष्ठा निर्विवाद है। उन्हें अब भारत अपना देश लगता है। उन्हें भारत के कण-कण में पवित्रता दिखाई देती है। वो भारत को संसार का आध्यात्मिक विश्व गुरु मानती हैं।

कात्सू सान के मुताबिक भगवान बुद्ध और गांधी जी के रास्ते एक तरफ ही लेकर जाते हैं। दोनों सदैव प्रासंगिक रहने वाले हैं। दोनों का जीवन पीड़ा को कम करने और समाज से अन्याय को दूर करने के लिए



समर्पित था। वो कहती हैं, " मुझे तो दुनिया में कोई अन्य देश नहीं मिला, जहां पर सरकारी कार्यक्रमों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित होती हो। यहां पर सभी धर्मों का सम्मान होता है।" ब्रदर सोलोमन ने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में कई बार कात्सू बहन के साथ भाग लिया है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज को कात्सू सान में अपनी मां का अक्स नजर आता है। ब्रदर सोलोमन को यकीन है कि कात्सू सान शीघ्र ही स्वस्थ हो जाएंगी। उनकी मौजूदगी में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लेने का आनंद दोगुना हो जाता है। महात्मा गांधी की सर्वधर्म प्रार्थनाओं में ईसाई प्रार्थना पहले दिन से ही आरंभ हो गई थीं। उनका ईसाई धर्म, बाइबल और मिशनरियों के कामकाज से साक्षात्कार तब हुआ जब वे दक्षिण अफ्रीका में रहते थे।

यह जानकारी जॉर्ज सोलोमन देते हैं। जॉर्ज सोलोमन विभिन्न स्थानों पर हुईं सर्वधर्म प्रार्थनाओं में बाइबल का पाठ करते रहे हैं। वे कहते हैं कि भारत में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सरकारी आयोजनों में भी होना इस बात की गवाही है कि ये भारत सबका है। बाकी धर्मों के ग्रंथों की तरह बाइबल का भी रास्ता एक-दूसरे से प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार वास्तव में बहुत बड़ा और व्यापक है। ये एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि भारत में सब धर्मों को मानने वाले एक-साथ बैठकर अपने धर्मग्रंथों के मुख्य बिन्दुओं को रख सकते हैं। बहाई धर्म की प्रार्थना को 1985 में शामिल किया गया। बहाई प्रार्थना का पाठ करने वाले ड़ॉ. ए.के. मर्चेंट ने बताय़ा कि बहाई प्रार्थना को सर्वधर्म प्रार्थना से जोड़ा गया प्रख्यात गांधीवादी निर्मला देशपांडे के प्रयासों से। उन्होंने इस बाबत स्वयं पहल की। उन्हें भी उम्मीद है कि कात्सू सान फिर से सक्रिय हो जाएंगी। महात्मा गांधी ने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सबसे पहले आयोजन राजधानी के वाल्मिकी मंदिर में शुरू किया था। तब देश में सांप्रदायिक दंगे हो रहे थे।

गांधी जी की चाहत थी कि इस पहल से विभिन्न धर्मों के अनुयायी एक-दूसरे के धर्मों और उनकी शिक्षाओं को जान लेंगे। वे वाल्मिकी मंदिर में 1 अप्रैल 1946 से 10 जून 1947 में रहे थे। वे बिड़ला मंदिर शिफ्ट हुए तो भी सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं जारी रहीं। इरवर्ड केवेस डी. बागली करते हैं, उनसे पहले राजघाट तथा तीस जनवरी मार्ग में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में उनके पिता पारसी प्रार्थना का पाठ करते थे। वे पारसी धर्म के धार्मिक ग्रंथ अवेस्ता, जिसे ज़ेंद अवेस्ता भी कहते हैं, से श्लोक पढ़ते हैं। ये सब विश्व कल्याणा और संसार के सभी प्राणियों की सुख- समृद्धि से संबंधित होते हैं। आशा की जानी चाहिए कि कात्सू सान आगामी 30 जनवरी को गांधी जी के बलिदान दिवस पर होने वाली प्रार्थना सभा में अपनी मौजदूगी दर्ज करवाएंगी।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है



संकलित

## दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

# मूर्ख साधू और ठग



संकलित

## प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दशहरे पर आत्ममंथन की जरूरत

हर साल जब दशहरे की शाम को रावण के विशाल पुतले धू-धू कर जलते हैं, तो दर्शकों की आंखों में उत्सव का रोमांच दिखाई देता है। पटाखों की गड़गड़ाहट, आतिशबाज़ी की चमक और भीड़ का शोर इस पर्व को एक रंगीन उत्सव में बदल देता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस पूरे आयोजन का संदेश- बुराई पर अच्छाई की जीत- हमारे जीवन और समाज में कहीं उतर पाता है? आज दशहरा एक मनोरंजन का ट्रेंड बनकर रह गया है। लोग पुतले जलाते हैं, फोटो और वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। लेकिन यह सोचने का समय शायद ही निकालते हैं कि यह रावण दहन केवल परंपरा निभाने के लिए नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन और सामाजिक सुधार का अवसर देने के लिए शुरू हुआ था।

*-मकरन्द जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# चीन ताइवान की स्वतंत्रता का कड़ा विरोध करेगा : शी



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का कहना है कि चीन ''ताइवान की स्वतंत्रता'' को लेकर अलगाववादी गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करेगा और राष्ट्रीय संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करेगा। शी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 76वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में मंगलवार को आयोजित एक स्वागत समारोह में यह टिप्पणी की। शी ने कहा, 'ताइवान जलडमरूमध्य में आदान-प्रदान और सहयोग को गहरा करने, 'ताइवान की स्वतंत्रता' की अलगाववादी गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करने और राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करने के पुरजोर प्रयास किए जाने चाहिए।'इससे पहले, शी, सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और राज्य के अन्य नेताओं के साथ, मध्य बीजिंग के तियानमेन चौक पर एक समारोह में शामिल हुए। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय दिवस से एक दिन पहले, शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। बुधवार से, चीन आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए एक सप्ताह का अवकाश मनाएगा।

## ऑफ बीट

# मकड़ियों से जितना आप डरते हैं वह आपसे डरती है



जोरो मकड़ी में मृत होने का नाटक करने की प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिकों के बीच इस चाल को थानाटोसिस के नाम से जाना जाता है। मकड़ियों के लिए किसी संभावित खतरे की प्रतिक्रिया में ऐसा करना आम बात है। मकड़ियों की दस प्रजातियों के 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश मकड़ियाँ हवा के कुछ तेज़ झोंकों की प्रतिक्रिया में लगभग एक मिनट के लिए जड़ हो जाती हैं। जोरो मकड़ियाँ एक घंटे से अधिक समय तक निश्चल पड़ी रहीं। यह शिकारियों या संभावित साथियों, जैसे नरभक्षी पिसौरा मिराबिलिस (यूरोपीय नर्सरी वेब स्पाइडर) मादाओं द्वारा खाए जाने की संभावना को कम कर देता है। इसकी कीमत उड़ने वाले कीड़े के रूप में एक दावत से चूकने जैसी हो सकती है। लेकिन मृत होने का नाटक करना संभवतः सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियों की तुलना में शिकारी से सुरक्षित रहने का अधिक ऊर्जा कुशल तरीका है। उदाहरण के लिए, फोल्कस सेलर मकड़ियाँ अपने जालों में इधर-उधर घूमकर शिकारियों को भ्रमित करने और उन्हें रोकने की कोशिश में कहीं अधिक ऊर्जा खर्च करती हैं। मकड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आक्रामक प्रतिक्रियाओं में अन्य जानवरों को डराने के लिए अपने पैर उठाना और अपने नुकीले दांतों को हिलाना शामिल है।

## ट्रेंड

### संघ के अतुलनीय कार्य



संघ ने सेवा भारती से लेकर वनवासी कल्याण आश्रम जैसे अपने अलग-अलग संगठनों के माध्यम से दुर्गम से दुर्गम क्षेत्रों में भी अतुलनीय कार्य किए हैं। हमारे आदिवासी भाई-बहनों के सशक्तिकरण में इसने अहम भूमिका निभाई है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### कर्मचारियों को उपहार



विजयादशमी से पहले केंद्रीय कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को बड़ा उपहार दिया है। आज केंद्रीय कैबिनेट ने महँगाई भत्ता और महँगाई राहत में 3% अतिरिक्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इस फैसले से करीब 49.19 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.72 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


### इन्हें काम नहीं करना



इन लोगों ने दिल्ली का क्या हाल कर दिया। लोगों की ज़िंदगी नरक बना दी इन्होंने। इन्हें सरकार नहीं चलानी। इन्हें काम नहीं करना। इनका बस एक ही काम है। चौबीस घंटे विपक्षियों और विरोधियों को गिरफ्तार करते रहते हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### खनिज आपूर्ति श्रृंखला



दुनिया खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने की होड़ में है। भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसे राष्ट्रीय महत्व और तात्कालिकता वाली परियोजनाओं तक भी विस्तारित किया जाए।

- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## कैबिनेट द्वारा राष्ट्रीय दलहन मिशन को मंजूरी, एमएसपी बढ़ाने का महत्वपूर्ण फैसला

# “राष्ट्रीय दलहन मिशन” का लक्ष्य 2030-31 तक दलहन उत्पादन 242 लाख टन से 350 लाख टन करनाः चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में राष्ट्रीय दलहन मिशन को मंजूरी, रबी की फसलों की एमएसपी बढ़ाने का महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। केंद्र सरकार ने रबी फसल वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं सहित चुनींदा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए एमएसपी में वृद्धि को हरी झंडी दिखायी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इसके अलावा जौ का एमएसपी 2150 रुपये प्रति क्विंटल, चना 5875 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों /रेपसीड 6200 रुपये प्रति क्विंटल और सैफफ्लावर (कुसुम) का एमएसपी 6540 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

अगर साल रबी फसल वर्ष 2025-26 से तुलना करें तो गेहूं के एमएसपी में 160 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा किया गया है। इसी तरह जौ में 170 रुपये, चने में 225 रुपये, मसूर में 300 रुपये, सरसों में 250 रुपये और सैफफ्लावर के एमएसपी में 600 रुपये क्विंटल का इजाफा कर दिया गया है। तिलहन में सबसे ज्यादा एमएसपी सैफफ्लावर का बढ़ाया गया है जबकि दलहन में मसूर का एमएसपी सबसे अधिक किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में गेहूं की लागत 1239 रुपये आंकी गई है और नये एमएसपी 2585 के हिसाब से किसान को लागत का 109 प्रतिशत अधिक भाव मिलेगा। इसी तरह जौ की लागत साल 2026-27 में 1361 रुपये आंकी गई है और उसकी नयी एमएसपी 2150 के अनुसार किसान को लागत से 58 प्रतिशत अधिक भाव मिलेगा।

इस तरह चने की लागत 3699 रुपये की तुलना में किसान को 5875 रुपये नयी एमएसपी के अनुसार 59 प्रतिशत अधिक, मसूर की लागत 3705 रुपये की तुलना में नयी एमएसपी 7000 रुपये के हिसाब से 89 प्रतिशत अधिक, सरसों की लागत 3210 रुपये के हिसाब से नयी एमएसपी 6200 में 93 का फायदा और सैफफ्लावर की लागत 4360 है जबकि किसान को नयी एमएसपी 6540 के हिसाब से 50 प्रतिशत का फायदा होगा।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि “राष्ट्रीय दलहन मिशन” को मंजूरी देने के साथ ही रबी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की गई है।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के इन प्रस्तावों को मंजूरी देने पर शिवराज सिंह ने कहा कि ये दोनों निर्णय देश की खाद्य- पोषण सुरक्षा, किसान कल्याण व कृषि उत्पादन क्षेत्र में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव डालने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसान-हित को सर्वोपरि मानते हुए संसाधनों व योजनाओं को समग्र रूप से जोड़ने की दिशा बनाई है, जो किसानों के प्रति मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता व संवेदनशीलता को दर्शाता है। शिवराज सिंह ने बताया कि देश में दालों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, पोषण एवं किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से “राष्ट्रीय दलहन मिशन” मंजूर किया गया है।

मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030-31 तक दलहन उत्पादन को 242 लाख टन से 350 लाख टन करने का है। मिशन के तहत 416 जिलों में विशेष उत्पादन एवं वृद्धि कार्यक्रम लागू होंगे। इंटरक्रॉपिंग, सिंचाई, मार्केट लिंकेज, और तकनीकी सहायता को नीति में सम्मिलित किया गया है। दलहनी फसल में तूर, उड़द व मसूर की खरीद एमएसपी पर 100 प्रतिशत होगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का पूर्ण लाभ मिले। मिशन का 2025-26 में 11,440 करोड़ रु. का बजट है।

## मुख्यमंत्री सैनी ने पीएम मोदी से की भेंट

# प्रधानमंत्री ने देश को विश्व स्तर पर चमकाने का किया है कार्यः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार 11 सालों से किसान हित में निर्णय लेकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीति, नीयत स्पष्ट है और मजबूत नेतृत्व के साथ देशहित में कार्य करके भारत को विश्व स्तर पर चमकाने का कार्य कर रहे है।

मुख्यमंत्री सैनी बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने के उपरांत नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ हरियाणा में चले रहे विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई । इसके अलावा प्रदेश की भावी योजनाओं को लेकर भी फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी को अपनाने का संकल्प लेने का आहवान किया है जो देश को आर्थिक स्तर पर मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों राज्य में हुई भारी वर्षा के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रभावित परिवारों को 4.50 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया गया है। इनमें कई परिवारों के मकान ढह गए थे और पशुधन का भी नुकसान हुआ था। इसके अलावा लोगों का सामान भी खराब हो गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसानों की फसलों का खराबा आंकने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर हुए पंजीकरण का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इसके बाद जल्द ही मुआवजा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत से ज्यादा हुए फसल खराबे वाले किसानों के बिजली के बिल स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा जिन किसानों ने फसली ऋण लिया है उनकी किस्त भी स्थगित की गई है ताकि किसानों को लाभ हो सके। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सरकार एमएसपी पर फसलें खरीदने का कार्य कर रही है। अबकी बार किसानों की मांग पर 22 सितम्बर से अब तक मंडियों में आए 5000 एमटी में से 3500 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार किसान हित में प्राकृतिक आपदा में अहम निर्णय लेकर सदैव उनके साथ खड़ी है। सरकार ने बाजरे की 2750 रुपए प्रति क्विंटल की खरीद पर भावान्तर भरपाई योजना का लाभ देने का भी कार्य किया है।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था को लेकर सरकार पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। कानून एवं व्यवस्था को लेकर किसी तरह का समझौता मंजूर नहीं है। पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सख्ती से काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि गलत कार्य करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक अन्य सवाल के जवाब में सैनी ने कहा कि हरियाणा तीन अपराधिक कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। इन कानूनों को लेकर 3 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसका उद्घाटन देश के गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। इसके अलावा रोहतक में भी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरएसएस देश का राष्ट्रभक्त संगठन है जो व्यक्ति को तपाकर देश सेवा में लगातार लगे रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह संगठन दीपक की भांति स्वयं जलकर निस्वार्थ भाव से देश को ऊंचाइयों की ओर ले जाने का काम करता है। ऐसे संगठन के 100 साल पूरे होने पर नमन एवं प्रणाम करता हूं।

# बिहार डेवलपमेंट अलायंस का हुआ गठन 55 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली




बिहार चुनाव की गर्मी दिल्ली तक पहुँच रही है। स्थानीय कॉन्स्टि्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया में जनहित दल, जे.पी. सेनानी और जनता पार्टी के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपने गठबंधन “बिहार डेवलपमेंट अलायंस” की आधिकारिक घोषणा की। इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ. सुरज मंडल, अनशुमन जोशी और नवनीत चतुर्वेदी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। तीनों नेताओं ने संयुक्त रूप से बिहार विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की।

जनहित दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनशुमन जोशी ने कहा कि आज की राजनीति में आमजन और अल्पसंख्यकों की आवाज़ को वह स्थान नहीं मिलता जिसकी उन्हें आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से गठबंधन ने एक राष्ट्रीय अल्पसंख्यक समिति का गठन किया है, ताकि मुस्लिम, सिख, ईसाई और अन्य समुदायों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल सके। जनता पार्टी के अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि अब तक तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों ने केवल अल्पसंख्यकों के वोट लिए, लेकिन उन्हें उचित नेतृत्व का अवसर नहीं दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिहार डेवलपमेंट अलायंस मुस्लिम युवाओं सहित सभी अल्पसंख्यकों को राजनीति में आगे आने और अपने समाज का नेतृत्व करने का मंच देगा।

पूर्व सांसद और जे.पी. सेनानी डॉ. सुरज मंडल ने कहा कि बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि जो इस गठबंधन को हल्के में ले रहे हैं, वे आने वाले समय में इसका प्रभाव देखेंगे। मंडल ने कहा कि झारखंड जैसे बड़े आंदोलन में नेतृत्व करने का अनुभव रखने वाले सेनानी अब बिहार में भी क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। नेताओं ने एक “पोटली” भी प्रदर्शित की, जिसे उन्होंने जनता तक अपने विचार और वादे पहुँचाने का प्रतीक बताया। उनका कहना था कि इस “बदलाव की पोटली” में वे बिहार के भविष्य की नई राह छुपाए हुए हैं- जिसमें अल्पसंख्यकों को वास्तविक प्रतिनिधित्व, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन और विकास केंद्रित राजनीति का संकल्प शामिल है। नेताओं ने कहा कि यही पोटली अब घर-घर जाकर जनता को जागरूक करेगी और चुनावी अभियान का आधार बनेगी।

# पत्रकार राजीव प्रताप की मौत पर सस्पेंस, पीएम रिपोर्ट में खुलासा- सीने और पेट में गंभीर आंतरिक चोटें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उत्तराखंड के युवा पत्रकार राजीव प्रताप की रहस्यमय मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पत्रकार के छाती और पेट में गंभीर आंतरिक चोटें थीं। हालांकि शरीर पर किसी बाहरी हमले या चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। इससे अब मामला और पेचीदा हो गया है और परिवार के संदेह और गहरा गए हैं। ये सड़क हादसा है या फिर मर्डर। एसआईटी ने गहनता से जाँच शुरू कर दी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस मामले पर दुख व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच की माँग की थी। 36 वर्षीय पत्रकार राजीव प्रताप 18 सितंबर की रात से लापता थे। उन्हें आख़िरी बार रात लगभग 11 बजे सीसीटीवी फुटेज में उत्तरकाशी शहर के बस स्टैंड के पास और फिर अपनी अल्टो कार चलाते हुए गंगोरी पुल की ओर जाते देखा गया था। इसके बाद वे रहस्यमय तरीके से गायब हो गए। 28 सितंबर को, यानी दस दिन बाद, उनका शव झांसीया बैराज के पास भागीरथी नदी में बरामद हुआ। शव की पहचान उनके परिजनों ने की। पुलिस ने घटनास्थल से कार का मलबा, टूटा शीशा और एक सैंडल भी बरामद किया था।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने बढ़ाया शक


राजीव प्रताप के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया, जिसमें यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि उनकी छाती और पेट के अंदर गंभीर चोटें थीं, जो किसी बड़े झटके या दुर्घटना का नतीजा हो सकती हैं। पुलिस ने प्राथमिक तौर पर इसे सड़क दुर्घटना करार दिया है, लेकिन परिवार और पत्रकार संगठनों ने हत्या की आशंका जताते हुए गहन जांच की मांग की है।


### परिवार ने जताई साजिश की आशंका

राजीव की पत्नी मुस्कान के मुताबिक, 18 सितंबर की रात लगभग 11 बजे राजीव ने उन्हें फोन पर बताया था कि उन्हें कुछ लोग धमका रहे हैं। राजीव ने हाल में सरकारी अस्पतालों और स्कूलों में गड़बड़ियों को लेकर कई रिपोर्टें प्रकाशित की थीं। इसके बाद उनसे कुछ लोगों ने वीडियो हटाने और चुप रहने का दबाव बनाया था। मुस्कान का आरोप है कि यह एक सुनियोजित साजिश हो सकती है और उनके पति की हत्या कर दी गई है।

### एसआईटी गठित, जांच शुरू

मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तराखंड पुलिस ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दिया है। इस टीम को सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल रिकॉर्ड, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, कार की फोरेंसिक जांच और गवाहों के बयान सहित हर पहलू की गहन जांच का जिम्मा सौंपा गया है। उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक ने कहा, “हम हर संभावना पर जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आए हैं, उन्हें ध्यान में रखकर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।”पत्रकार की मौत पर राजनीतिक हलकों और मीडिया संगठनों में भी आक्रोश है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे “दुखद और भयावह” बताया और निष्पक्ष जांच की मांग की।



## खबर संक्षेप

### मारुति की बिक्री सितंबर में तीन प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की सितंबर महीने में कुल बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,89,665 इकाई हो गई। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने कुल 1,84,727 वाहन बेचे थे। नवरात्रि के पहले आठ दिनों में रिकॉर्ड 1,65,000 इकाई की डिलीवरी के रूप में देखने को मिला।'

### हुंडई की कुल बिक्री में 10 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआईएल) की सितंबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 70,347 इकाई रही। दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने सितंबर 2024 में कुल 64,201 इकाइयां बेचीं थी।

### रॉयल एनफील्ड की सबसे अधिक मासिक बिक्री दर्ज



**नई दिल्ली।** प्रीमियम मोटर साइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने सितंबर 2025 में 1,24,328 वाहनों की बिक्री की, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 43 प्रतिशत अधिक है। यह बिक्री रॉयल एनफील्ड की अब तक की सबसे अधिक मासिक यात्री वाहन बिक्री है। बयान में कहा कि उसकी पिछले महीने घरेलू बिक्री 1,13,573 इकाई रही।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# कर्ज की सीमा बढ़ी: बैंक अब शेयरों पर एक करोड़ रुपये तक का लोन दे सकेंगे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को शेयरों के एवज में दिए जाने वाले कर्ज और आईपीओ के वित्तपोषण पर बैंकों की ऋण सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया जिससे निवेशकों को कर्ज की उपलब्धता बढ़ेगी।

■ आईपीओ के लिए सीमा बढ़ाकर 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि बैंकों द्वारा शेयरों पर दिए जाने वाले ऋण की सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये और आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति व्यक्ति वित्तपोषण को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है।

### बैंकिंग प्रणाली में मजबूती के बाद यह कदम

पिछले वर्षों में पूंजी बाजार और बैंकिंग प्रणाली की मजबूती को देखते हुए अब दिशा-निर्देशों को तर्कसंगत बनाना और बैंकों द्वारा पूंजी बाजार ऋण की संभावनाओं को व्यापक बनाना आवश्यक है। इसके तहत भारतीय कंपनियों द्वारा अधिग्रहण के लिए बैंकों द्वारा वित्तपोषण की सुविधा का भी प्रस्ताव है।

*आमतौर पर बैंकों को शेयर अधिग्रहण की अनुमति नहीं : मौजूदा नियमों के तहत शेयर अधिग्रहण के लिए बैंकों को आमतौर पर अनुमति नहीं है। इसके अलावा, रिजर्व बैंक पूंजी बाजार मध्यस्थों को ऋण देने के लिए सिद्धांत-आधारित एक ढांचा तैयार करने की योजना बना रहा है। मसौदा दिशानिर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे और इस पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया मांगी जाएगी।*

**शेयरों पर ऋण की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए की गई**

### ऋण सीमा के साथ मार्जिन शर्तों के नियम लागू

आरबीआई ने कहा कि बैंकों और अन्य विनियमित संस्थाओं (एनबीएफसी) के पूंजी बाजार संबंधी जोखिम पर क्षेत्रवार और व्यक्तिगत ऋण सीमा के साथ मार्जिन शर्तों के नियम लागू होते हैं। शेयर बाजार में बढ़ता निवेश और निवेशकों की आवश्यक्ता को देखते हुआ केंद्रीय बैंक ने यह प्रस्ताव रखा है।




### बैंक अब अधिक मात्रा में कर्ज मुहैया करा पाएंगे

*गवर्नर ने कहा कि इस कदम से बैंक निवेशकों को अब अधिक मात्रा में कर्ज मुहैया करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि बैंकों के लिए रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) और ढांचागत निवेश ट्रस्ट (इनविट) के एवज में दिए जाने वाले कर्ज की सीमा भी बढ़ाई जाएगी। वहीं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों के लिए ऋण पर मौजूदा नियामकीय सीमा पूरी तरह हटा दी जाएगी।*

## चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान घटाकर 2.6 फीसदी किया

# आरबीआई ने जीडीपी वृद्धि अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत किया, महंगाई अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने वृद्धि अनुमान को बुधवार को संशोधित कर 6.8 प्रतिशत कर दिया। साथ ही सामान्य से बेहतर मानसून एवं जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के आधार पर मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत किया है।*

केंद्रीय बैंक ने अगस्त में 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और मुद्रास्फीति के 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच घरेलू मोर्चे पर महत्वपूर्ण घटनाक्रमों ने भारत में वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति को लेकर विचार को बदल दिया है।

### उपभोग व वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा

गवर्नर ने कहा, " अच्छे मानसून के साथ, भारत की अर्थव्यवस्था आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 की पहली तिमाही में बेहतर रही और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन मजबूत रहा। साथ ही खुदरा मुद्रास्फीति में भी उल्लेखनीय कमी आई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने के बारे में उन्होंने कहा कि इससे मुद्रास्फीति पर नरमी का प्रभाव पड़ने की संभावना है, साथ ही उपभोग और वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा।

### खाने के दामों में तेज गिरावट आई

मल्होत्रा ने कहा कि 2025-26 के दौरान अब तक मुद्रास्फीति की स्थिति अनुकूल बनी हुई है और वास्तविक परिणाम अनुमान से काफी कम रहे हैं। उन्होंने कहा कि कम मुद्रास्फीति मुख्य रूप से खाने के सामान के दामों में तेज गिरावट के कारण है जिसे आपूर्ति की बेहतर संभावनाओं एवं आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के सरकारी उपायों से मदद मिली है।



■ सामान्य से बेहतर मानसून व जीएसटी दर घटने से घटाया अनुमान
■ जीडीपी की वृद्धि दर 6 .5 प्रतिशत और मुद्रास्फीति 3 .1 प्रतिशत रहने की उम्मीद
■ भारत की अर्थव्यवस्था पहली तिमाही में रही बेहतर

*अमेरिकी शुल्क से निर्यात में नरमी आएगी*
*गवर्नर ने कहा कि हालांकि अमेरिकी शुल्क से निर्यात में नरमी आएगी। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए 2025-26 में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।*

### भारत में मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रित

बहुमूल्य धातुओं पर निरंतर मूल्य दबाव के बावजूद अगस्त में मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत पर काफी हद तक नियंत्रित रही। मल्होत्रा ने कहा, " 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अब 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके दूसरी तिमाही में 1.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 1.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2026-27 की पहली तिमाही में यह 4.5 प्रतिशत अनुमानित है।"

### आरबीआई का कदम संतुलित : विशेषज्ञ

*भारतीय उद्योग जगत और विशेषज्ञों ने ब्याज दर अपरिवर्तित रखने के निर्णय को 'संतुलित' बताया और उम्मीद जताई कि केंद्रीय बैंक दिसंबर की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर रेपो में कमी करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर यानी रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखते हुए 'तटस्थ' रुख बनाए रखा है। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में आर्थिक गतिविधियों में मजबूती को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है।*

# सोना 1.21 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार, चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ सोना ने 1,100 रुपए की छलांग लगाई
■ वैश्विक बाजार में मजबूती का रुख रहा

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को सोना राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 1,100 रुपये की छलांग लगाते हुए 1.21 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

अमेरिका में संसद की वित्तीय मंजूरी न मिलने से सरकारी कामकाज अस्थायी रूप से बंद होने के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूती का रुख था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये बढ़कर 1,21,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1,100 रुपये बढ़कर 1,20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में इसका भाव 1,19,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, चांदी की कीमतें 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं, जो इसका रिकॉर्ड स्तर है।

### रिलायंस डिजिटल के फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ जश्न मनाएं, ज़्यादा से ज्यादा बचत के साथ

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल अपने' फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स' सेल में कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी पर बेजोड़ ऑफर्स और छूट के साथ इस साल के फेस्टिव सीजन की शानदार शुरुआत कर रही है, जिससे ग्राहकों को मिलेगा एकदम सही **#Muhurat For Celebrations**। 25 अक्टूबर, 2025 तक ग्राहक सभी रिलायंस डिजिटल, माय जियो स्टोर्स और जियो मार्ट डिजिटल स्टोर्स और ऑनलाइन **www.reliancedigital.in** पर, सभी उपयुक्त प्रोडक्ट्स पर जीएसटी कम हुई कीमतों और लीडिंग बैंक कार्ड्स पर '15,000 तक इंस्टंट डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं। ग्राहक पेपर फाइनान्स का विकल्प चुनकर' 30,000 तक के कैशबैक का भी फायदा उठा सकते हैं, जिससे बड़े से बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स को खरीदना और अपने घर की शोभा बढ़ाना पहले से कहीं ज़्यादा आसान हो जाएगा। रिलायंस डिजिटल केफेस्टिवल ऑफइलेक्ट्रॉनिक्स के साथ, इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेस, बिल्कुल नईटेक्नोलॉजी और इस सीजन का जश्न मनाने के लिए ज़रूरी हर चीज़ में निवेश करने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता।

### महिंद्रा ने सितंबर में बेचे 1 लाख से अधिक वाहन

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सितंबर 2025 में 1,00,298 वाहनों की बिक्री की, जो पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत ज्यादा है। अच्छी वृद्धि देखी गई। सितंबर में घरेलू बाजार में 56,233 उपयोगी वाहन डीलरों को भेजे गए, जो पिछले साल की समान अवधि में भेजे गए 51,062 वाहनों की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक हैं।

मार्केट न्यूज

### 2 अक्तूबर: 3 प्रेरणाएँ, एक संकल्प - आत्मनिर्भर भारत

**गांधी, शास्त्री और दशहरा अर्थात 'सच्चाई', 'सादगी' और 'विजय का संगम' इस बार एक ही दिन '2 अक्तूबर' को आया है। जोकि तीनों ही हमें आत्मनिर्भर भारत का मार्ग दिखाते है - संजीव जुनेजा**



**चंडीगढ़।** भारत के इतिहास में 2 अक्टूबर का दिन सदैव विशेष महत्व रखता है। यह वह दिन है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जैसे महानायक जन्मे। इस वर्ष इस ऐतिहासिक तिथि पर विजयादशमी (दशहरा) का पर्व भी पड़ रहा है, जो अच्छाई की बुराई पर विजय और अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। इस अनोखे संगम पर एसबीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज के फाउंडर और ब्रांड मशीन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. संजीव जुनेजा ने देशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपने विचार साझा किए। डॉ. जुनेजा ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और स्वदेशी की शक्ति से पूरी दुनिया को प्रेरित किया। उन्होंने दिखाया कि हिंसा से नहीं बल्कि नैतिक मूल्यों और सच्चाई के बल पर भी बड़े से बड़े साम्राज्य को चुनौती दी जा सकती है। चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे अभियानों ने न केवल अंग्रेज़ी हुकूमत की नींव हिला दी, बल्कि भारतीयों को आत्मबल और स्वाभिमान से भर दिया। गांधी जी का जीवन यह संदेश देता है कि सच्चाई पर चलने वाले के कदम हमेशा मज़बूत रहते हैं। इसी तरह, शास्त्री जी का व्यक्तित्व सादगी, विनम्रता और दृढ निश्चय का अनुपम उदाहरण है। उनका नारा जय जवान, जय किसान आज भी हर भारतीय को कर्तव्यनिष्ठा और परिश्रम की याद दिलाता है। शास्त्री जी का मानना था कि समर्पण और त्याग की भावना के साथ काम करने से समाज और देश को नई दिशा मिलती है। उनका पूरा जीवन सेवा, श्रम और उच्च विचारों से प्रेरित रहा। वहीं, दशहरा का पर्व इन दोनों महान विभूतियों की शिक्षाओं को और भी प्रासंगिक बना देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि चाहे अंधकार कितना भी गहरा क्यों न हो, अंततः प्रकाश की विजय होती है। यह दिन बुराइयों और नकारात्मकताओं को त्यागकर अच्छाई, सत्य और धर्म को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का अवसर है।

# आठ दिनों की गिरावट से उबरा शेयर बाजार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ आरबीआई के रुख से सेंसेक्स 716 अंक उछला
■ कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से धारणा हुई मजबूत

रेपो दर को स्थिर रखने और वृद्धि अनुमान बढ़ाने के रिजर्व बैंक के कदम से घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को काफी उत्साह रहा और यह आठ दिनों की लगातार गिरावट से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स 716 अंक उछल गयाजबकि निफ्टी में 225 अंकों की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि मौद्रिक घोषणा के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भी स्थानीय निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 715.69 अंक उछलकर 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 225.20 अंक चढ़कर 24,836.30 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"शेयर बाजार में एक व्यापक दायरे में कारोबार हुआ। रिजर्व बैंक का फैसला उम्मीदों के अनुरूप रहने के साथ अधिक संरचनात्मक रहा। आरबीआई के लचीले रुख और आर्थिक वृद्धि के बेहतर अनुमान ने निवेशकों और बाजार के विश्वास को मजबूत किया है।/"

### एलिम्को को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) (सामाजिक न्याय और अधिकारितामंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) को डन एंड ब्रैडस्ट्रीट द्वारा प्रतिष्ठित पीएसयू एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। एलिम्को को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन, इनोवेशंस और दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह मान्यता प्राप्त हुई। एलिम्को के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री प्रवीण कुमार ने कहा, यह मान्यता हमें दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए काम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है कि पहुंच, गरिमा और स्वतंत्रता हमारे प्रयासों के केंद्र में रहे। एलिम्को के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री अतुल रुस्तगी भी इस समारोह में उपस्थित थे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दो वर्ष की अवधि के लिए डीईई–आरई पर 25 केवी एसी ट्रैक्शन प्रणाली की पीएसआई रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,35,47,433.06/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,17,700/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 13.10.2025 (10.30 बजे) से 27.10.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 27.10.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 20-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक: 01.10.2025 3046/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में वार्ड नं. 30 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत और पैच वर्क + 13 कार्य। | 29.09.2025 06.10.2025 | 1,09,40,696/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39210/I/88/7 दि. 01.10.25

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6006




**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

**शब्द पहेली- 6005 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| व | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |



## सूर्यवंशी, त्रिवेदी ने भारत को अंडर 19 टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचाया

# वैभव ने 86 बालों में ठोका शतक, 9 चौके और 8 छक्के जड़ ऑस्ट्रेलियाई बॉलरों की उड़ाई धाज्जियां

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

वैभव सूर्यवंशी ने टी20 शैली में 86 गेंद में 113 रन बनाए जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 140 रन की पारी खेलकर भारत की अंडर 19 टीम को मेजबान आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में बुधवार को 185 रन की बढत दिला दी। भारत की अंडर 19 टीम ने 81.3 ओवर में 428 रन बनाए। आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम ने पहली पारी में 243 रन बनाए थे। दूसरी पारी में उसने दूसरे दिन एक विकेट पर आठ रन बना लिए थे। अभी भी वह भारतीय टीम से 177 रन पीछे है। 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल में शतक जमाने वाले सूर्यवंशी ने पारी के पहले ही ओवर में हेडन शिलेर को चौका जड़ा था। उन्होंने त्रिवेदी के साथ 152 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी । सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 8 छक्के और 9 चौके लगाए। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर आर्यन शर्मा को बेहतरीन कवर ड्राइव लगाकर अपना शतक पूरा किया। लेग स्पिनर जेड होलिक को उन्होंने छक्का लगाया। त्रिवेदी और सूर्यवंशी के अलावा खिलन पटेल ने 49 गेंद में 49 रन बनाए। अयुवा टेस्ट से पहले दोनों टीमों ने तीन मैचों की युवा वनडे श्रृंखला खेली थी, जिसमें आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम 3-0 से विजयी रही।



### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन

ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के बीच हुए मुकाबले में भारत को शुरुआती झटका जरूर लगे, लेकिन 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने चौथे नंबर के बल्लेबाज वेदांत त्रिवेदी के साथ बेहतरीन खेल दिखाया और दोनों ने 152 रनों की पार्टनरशिप की। वैभव सूर्यवंशी ने 86 गेंद में 113 रन बनाए।

### वैभव ने रचा इतिहास

वैभव सूर्यवंशी 78 गेंद में शतक जड़ने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। ब्रैंडन मैकुलम के बाद वैभव सूर्यवंशी ऐसे पहले खिलाड़ी बने, जिन्होंने 100 से कम गेंद में दो यूथ टेस्ट शतक जड़े हैं। इससे पहले 2024 में चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 58 गेंद में शतक बनाया था। वैभव सूर्यवंशी 14 साल की उम्र में ये कारनामा करने वाले सबसे यंग प्लेयर बने हैं। वैभव सूर्यवंशी ने यूथ टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। उनसे पहले आयुष म्हात्रे ने एक पारी में 8 छक्के लगाए थे।

### वैभव ने बनाए यह रिकॉर्ड

- वहीं वैभव ने यूथ टेस्ट में दो शतक 100 गेंदों के अंदर पूरा करा करने का रिकॉर्ड बना लिया है। ये रिकॉर्ड इससे पहले ब्रेंडन मैकुल्लम के नाम दर्ज था।
- सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर सबसे तेज यूथ टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के लियाम ब्लैकफोर्ड के नाम दर्ज था, जिन्होंने इंग्लैंड अंडर 19 के खिलाफ 2023 में 124 गेंदों पर शतक ठोका था। जबकि वैभव ने उनसे 46 गेंद कम रहते ही ये कीर्तिमान अपने नाम किया है।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग : सबसे ज्यादा रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने अभिषेक

एजेंसी ▶▶| दुबई

तेजी से उभरते हुए भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में इतिहास के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की जबकि वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं।

पाकिस्तान के सईम अयूब हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। हाल में हुई एशिया कप में भारत की खिताबी जीत के बाद अभिषेक ने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ 931 अंक के साथ लगभग पांच साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।



### निसांका अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर

श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज पथुम निसांका एशिया कप में 261 रन की बदौलत दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए। टीम के उनके साथी कुसाल परेरा (दो स्थान के फायदे से नौवें), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (11 स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर) और भारत के संजू सैमसन (आठ स्थान के फायदे से 31वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद सुधार हुआ है।

### अभिषेक ने मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा

आईसीसी ने बताया कि 25 साल के अभिषेक ने 2020 में बनाए इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा। एशिया कप के दौरान 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अभिषेक ने टीम के अपने साथियों सूर्यकुमार यादव (912) और विराट कोहली (909) के पिछले सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक को भी पीछे छोड़ा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले अभिषेक ने एशिया कप के सात मैच में 44.85 के औसत से 314 रन बनाए। अभिषेक दूसरे स्थान पर चल रहे इंग्लैंड के फिल सॉल्ट से 82 रेटिंग अंक आगे हैं। टीम इंडिया के उनके साथी तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। वर्मा ने एशिया कप में 213 रन बनाए।

**गेंदबाजी में चक्रवर्ती शीर्ष पर बरकरार:** एशिया कप में सात विकेट चटकाने वाले चक्रवर्ती दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बने हुए हैं। टीम के उनके साथी कुलदीप यादव (नौ स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर), पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी (12 स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर) और बांग्लादेश के स्पिनर रिषाद हुसैन (छह स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर) को रैंकिंग में फायदा हुआ है।

वनडे महिला विश्व कप

## महिला वनडे विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 89 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| इंदौर



अनुभवी हरफनमौला एशले गार्डनर (115 रन) के शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के अपने शुरूआती मुकाबले में बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को 89 रन से शिकस्त दी। गार्डनर के दूसरे वनडे शतक से ऑस्ट्रेलियाई टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद शुरूआती झटकों से उबरने में सफल रही और 49.3 ओवर में 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा करके आउट हो गई। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम कप्तान सोफी डेविने (111 रन, 112 गेंद) की पारी के बावजूद 43.2 ओवर में 237 रन पर सिमट गई जिसमें ऑस्ट्रेलिया की शानदार गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज अनाबेल सदरलैंड (26 रन देकर तीन विकेट) तथा अलाना किंग (44 रन देकर दो विकेट) और सोफी मोलिनू (25 रन देकर तीन विकेट) की स्पिन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने दूसरे ओवर में बिना रन जुटाए अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर के विकेट गंवा दिए थे। बेट्स जहां मोलिनू की गेंद पर बोल्ड हुई तो वहीं प्लिमर रन आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर और डेविने ने पारी को संभाला, पर टीम शुरूआती झटकों से उबरने में नाकाम रही।


### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/निर्माण/कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई–खरीद प्रणाली के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 40255561 | (1) दिल्ली किशनगंज, दिल्ली में भारतीय रेलवे कुश्ती अकादमी के पुनर्विकास के कार्य के लिए आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (रेव–1)–2019 या नवीनतम के अनुसार 13 यात्री क्षमता वाले मशीन रूम रहित और गियर रहित प्रकार के माईक्रोप्रोसेसर आधारित वीवीवीएफ एआरडी सिस्टम पैसेंजर लिफ्ट (जी+3) की आपूर्ति, डिजाईन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग। सभी सहायक उपकरण, फ्लोर अनाउंसमेंट सिस्टम, इंटरकॉम ओवरलोडिंग चेतावनी प्रणाली, दरवाजे कार और लैंडिंग स्टेनलेस स्टील स्क्रैच प्रतिरोधी आदि के साथ पूर्ण। | 02 नग | 30.10.2025 |
| | (2) दिल्ली किशनगंज, दिल्ली में भारतीय रेलवे कुश्ती अकादमी के पुनर्विकास के कार्य के लिए आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (रेव–1)–2019 या नवीनतम के अनुसार 13 यात्री क्षमता वाले मशीन रूम रहित और गियर रहित प्रकार के माईक्रोप्रोसेसर आधारित वीवीवीएफ एआरडी सिस्टम पैसेंजर लिफ्ट (जी+4) की आपूर्ति, डिजाईन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग। सभी सहायक उपकरण, फ्लोर अनाउंसमेंट सिस्टम, इंटरकॉम ओवरलोडिंग चेतावनी प्रणाली, दरवाजे कार और लैंडिंग स्टेनलेस स्टील स्क्रैच प्रतिरोधी आदि के साथ पूर्ण। | 01 नग | |
| | (3) मशीन रूम रहित और गियर रहित प्रकार के हेवी ड्यूटी लिफ्ट की आपूर्ति, डिजाईन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, माइक्रोप्रोसेसर आधारित वीवीवीएफ एआरडी सिस्टम पैसेंजर लिफ्ट (जी+9) 13 यात्रियों के लिए। सभी सहायक उपकरण, फर्श घोषणा प्रणाली, इंटरकॉम ओवरलोडिंग चेतावनी प्रणाली, दरवाते कार और लैंडिंग के साथ पूर्ण यात्री क्षमता आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (रेव–1)–2019 या नवीनतम के अनुसार सरोजिनी नगर, नई दिल्ली के अधिकारियों के फ्लैटों के लिए स्टेनलेस स्टील स्क्रैच प्रतिरोधी आदि होगी। | 08 नग | |
| | (4) मशीन रूम रहित और गियर रहित प्रकार के हेवी ड्यूटी लिफ्ट की आपूर्ति, डिजाईन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, माइक्रोप्रोसेसर आधारित वीवीवीएफ एआरडी सिस्टम पैसेंजर लिफ्ट (जी+3) 13 यात्रियों के लिए। सभी सहायक उपकरण, फ्लोर अनाउंसेमेंट सिस्टम, इंटरकॉम ओवरलोडिंग चेतावनी प्रणाली, दरवाजे कार और लैंडिंग के साथ पूर्ण यात्री क्षमता, आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (रेव–1)–2019 या नवीनतम के अनुसार स्टेनलेस स्टील स्क्रैच प्रतिरोधी आदि होंगे, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली के अधिकारियों के फ्लैटों के लिए। | 02 नग | |
| | (5) मशीन रूम कम और गियर कम प्रकार के माइक्रोप्रोसेसर आधारित वीवीवीएफ एआरडी सिस्टम पैसेंजर लिफ्ट (जी+10) 13 नग के लिए हेवी ड्यूटी की आपूर्ति, डिजाइन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग। सभी सहायक उपकरण फर्श घोषणा प्रणाली, इंटरकॉम ओवरलोडिंग चेतावनी प्रणाली, दरवाजे कार और लैंडिंग के साथ पूर्ण यात्री क्षमता स्टेनलेस स्टील स्क्रैच प्रतिरोधी आदि होगी, आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (रेव–1)–2019 या नवीनतम के अनुसार सरोजिनी नगर, चाणक्यपुरी में एक टावर की 20 इकाइयों के निर्माण के काम के लिए जमा कार्य के आधार पर। | 02 नग | |
| | (6) मशीन रूम रहित और गियर रहित प्रकार के हेवी ड्यूटी लिफ्ट की आपूर्ति, डिजाईन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, माइक्रोप्रोसेसर आधारित वीवीवीएफ एआरडी सिस्टम पैसेंजर लिफ्ट (जी+10) 20 माल सह यात्री क्षमता के लिए सभी सहायक उपकरण, फ्लोर अनाउंसमेंट सिस्टम, इंटरकॉम ओवरलोडिंग चेतावनी प्रणाली, दरवाजे कार और लैंडिंग आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (रेव–1)–2019 या नवीनतम के अनुसार स्टेनलेस स्टील स्क्रैच प्रतिरोधी आदि के साथ पूर्ण, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली के अधिकारियों के फ्लैटों के लिए। | 04 नग | |
| | (7) 20 माल सह यात्री क्षमता के लिए मशीन रूम कम और गियर कम प्रकार के माइक्रोप्रोसेसर आधारित वीवीवीएफ एआरडी सिस्टम पैसेंजर लिफ्ट (जी+11) की आपूर्ति, डिजाइन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, सभी उपकरण, फर्श घोषणा प्रणाली इंटरकॉम ओवरलोडिंग चेतावनी प्रणाली, दरवाजे कार और लैंडिंग स्टेनलेस स्टील स्क्रैच प्रतिरोधी आदि के साथ आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (रेव–1)–2019 या नवीनतम के अनुसार सरोजिनी नगर, चाणक्यपुरी में एक टावर की 20 इकाइयों के निर्मांण कार्य के लिए जमा कार्य के आधार पर। | 01 नग | |

**निविदा शर्तें :** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

सं.: डिप्टी सी.एम.एम./सी./एन.आर./40255561
दिनांक 01.10.2025 3038/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109


Hero
1.25M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
SCAN TO WATCH OUR
NEW HERO DESTINI FILM
THE ALL NEW
Destini
125
बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स
प्रीमियम क्रोम एक्सेंट्स
बड़ी और आरामदायक सीट 785mm
बेस्ट-इन क्लास माइलेज#
सेगमेंट में पहली बार ऑटो-कैंसल विंकर्स
पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम
₹82 266** से शुरू | ₹6 428** | ₹75 838** से शुरू
सीमित समय ऑफ़र
प्रतिदिन की EMI ₹75$ से शुरू
डाउन पेमेंट ₹1999$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*
Also available on
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi:Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati HeroAdchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla HeroPulPrahladpurBadarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero-9289922461, East Delhi:Durgapuri(Loni Road, Shahadra):Himgiri Hero- 9289922380, PushtaKartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, PatparganjPandav Nagar:SinglaAutoneeds Hero- 9289923222, North Delhi:Azadpur: ShramanHero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597,BudhVihar:JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi:Karol Bagh(Faiz Road):EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi:Roshan Vihar (Najafgarh):Avni Hero- 9289922671, PaschimVihar (Peeragarhi):Shivganga Hero-9289922796, PalamDabri Road (Dwarka):Singla Hero- 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310.Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123;Sahibabad:Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63- 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248;Sohna:Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad:Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.
RS/Hero/09/25